चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 244, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 3 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बिहार: जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी

## राज्य में 63% ओबीसी, बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत, कई चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए

**पटना**

**बिहार** में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। बिहार की नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आयी है। बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। नीतीश कुमार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट में यह बात आयी है। सोमवार को बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर आंकड़ों की पुस्तिका जारी की। बिहार सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है। 214 जातियों को अलावा 215वें नंबर पर अन्य जातियों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है। आंकड़ों की मानें, राज्य की आबादी 13,07,25,310 है। वहीं कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2,83,44,107 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या छह करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख है। राज्य में प्रति 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

बिहार में 81.99 प्रतिशत हिंदू हैं: बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं। इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7% है। शेष ईसाई सिख बौद्ध जैन या अन्य धर्म मानने वालों की संख्या 1% से भी कम है। राज्य के 2146 लोगों ने अपना कोई धर्म नहीं बताया। बिहार में जब भारतीय जनता पार्टी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी सरकार में थी, तभी बिहार विधानसभा और विधान परिषद ने राज्य में जाति आधारित गणना कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। कोरोना की स्थिति संभालने के बाद 1 जून 2022 को सर्वदलिय बैठक में जाति आधारित गणना को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**दो फेज में पूरी हुई थी जाति आधारित गणना**

बिहार में जाति आधारित जनगणना का पहला चरण 7 जनवरी से शुरू हुआ था। इस चरण में मकानों को गिना गया। यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा कर लिया गया था। वहीं 15 अप्रैल से दूसरा चरण की गणना की शुरूआत हुई। इसे 15 मई को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन, मामला कोर्ट में चला गया। इसके बाद पटना हाईकोर्ट ने गणना पर रोक लगा दिया था। बाद में फिर पटना हाईकोर्ट ने ही जाति आधारित गणना को हरी झंडी दी।दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनके रहन-सहन, आय समेत अन्य जानकारियां जुटाई गईं। इसके बाद मामला सुप्रीमो कोर्ट में भी गया। लेकिन, कोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

बॉक्स

बॉक्स

**जल्द से जल्द राष्ट्रीय जाति जनगणना करे केंद्रः**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने जनगणना कराई थी लेकिन उसके परिणाम मोदी सरकार ने प्रकाशित नहीं किए। रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, बिहार सरकार ने हाल ही में राज्य में अपने द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण के परिणाम जारी किए हैं। पहल का स्वागत करते हुए और कांग्रेस सरकारों द्वारा कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में इसी तरह के पहले के सर्वेक्षणों को याद करते हुए कांग्रेस अपनी मांग को दोहराती है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द राष्ट्रीय जाति जनगणना आयोजित करे।'

**'मोदी सरकार ने नहीं प्रकाशित किए परिणाम'**

उन्होंने कहा, 'यूपीए-2 सरकार ने वास्तव में इस जनगणना को पूरा किया था, लेकिन इसके परिणाम मोदी सरकार द्वारा प्रकाशित नहीं किए गए थे। सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने और सामाजिक न्याय को गहरा करने के लिए इस तरह की जनगणना आवश्यक हो गई है।'

विपक्षी दल ने कहा कि अगर मोदी सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराती है तो कांग्रेस की सरकार बनते ही इसे कराया जाएगा, ताकि हर वर्ग को उसका हक मिल सके। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि बिहार में जाति आधारित जनगणना के आंकड़े समाज में



विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज देश को ऐसी जनगणना की जरूरत है ताकि उनकी आबादी के हिसाब से उनकी भागीदारी तय की जा सके। यही वजह है कि राहुल गांधी पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।' पार्टी ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने भी जाति आधारित जनगणना कराई है और हम हमेशा इसके पक्ष में हैं।

### किस वर्ग की कितनी आबादी

सामान्य वर्ग - 15.52%
पिछड़ा वर्ग- 27.12%
ओबीसी - 36.1%
अनूसूचित जाति- 19.65%
अनूसचित जनजाति - 1.68%
जानिए, किस जाति की कितनी आबादी
यादव - 14.26%
रविदास- 5.25%
दुसाध-5.31%
कोइरी- 4.21%
ब्राह्मण- 3.67%
राजपूत- 3.45%
मुसहर- 3.08%
भूमिहार- 2.89%
कुरमी- 2.87%
तेली- 2.81%
बनिया-2.31%
कानू-2.21%
चंद्रवंशी-1.64%
कुम्हार-1.40%
सोनार-0.68%
कायस्थ - 0.60%

## 'जिसकी जितनी आबादी, उतनी हिस्सेदारः राहुल




**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जातिगत जनगणना ने साबित कर दिया है कि राज्य में 84 फीसदी लोग ओबीसी, एससी और एसटी हैं और उनकी हिस्सेदारी उनकी आबादी के हिसाब से होनी चाहिए।

कांग्रेस ने सोमवार को जातिगत जनगणना के नतीजे जारी करने के बिहार सरकार के कदम का स्वागत किया। इसके साथ ही पार्टी ने केंद्र से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तुरंत इसी तरह की कवायद शुरू करने का आह्वान किया। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जातिगत जनगणना ने साबित कर दिया है कि राज्य में 84 फीसदी लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) हैं और उनकी हिस्सेदारी उनकी आबादी के हिसाब से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन ओबीसी हैं, जो भारत के बजट का केवल पांच फीसदी संभालते हैं। इसलिए, भारत के जातिगत आंकड़ों को जानना महत्वपूर्ण है।




# कुछ लोगों को भारत के विकास से नफरतः मोदी

**ग्वालियर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मप्र का विकास वो लोग नहीं कर सकते, जिनके पास नई सोच नहीं है। आज पूरी दुनिया भारत का गौरवगान कर रही है। दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आज दुनिया को भारत में अपना भविष्य दिखता है, लेकिन कुछ लोगों को कुर्सी के सिवाय कुछ नहीं दिखता। उन्हें भारत का विकास अच्छा नहीं लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को ग्वालियर में मेला मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्वालियर से विभिन्न जगहों पर 19000 करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इसमें इंटरनेशनल दिव्यांग सपोर्ट सेंटर और दिल्ली बड़ोदरा एक्सप्रेस का वर्चुअल लोकार्पण भी



शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देख रहा था एक के बाद लोकार्पण व शिलान्यास के कर्टेन खुल रहे थे, इतनी बार कर्टेन खुले कि आप ताली बजाते थक गए। आज ग्वालियर के साथ साथ विदिशा, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर,दमोह और शाजापुर को नए स्वास्थ्य केंद्र भी मिले, यह केंद्र आयुष्मान भारत इंफ्रा मिशन के तहत बने, इनमें गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमपी का विकास वो लोग नहीं कर सकते, जिनके पास न तो कोई नई सोच है न विकास का रोडमैप है। इन लोगों का सिर्फ एक ही काम है, देश की प्रगति से नफरत, भारत की योजनाओं से नफरत, अपनी नफरत में ये देश की उपलब्धियों को भी भूल जाते हैं। उन्हें दुनिया में भारत का डंका बजना अच्छा नहीं लगता है। भारत नौ सालों में दसवें नंबर से पांचवे नंबर की आर्थिक ताकत बन गया है, लेकिन ये विकास विरोधी लोग सिद्ध करने में लगे हैं कि ऐसा हुआ ही नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोगों को देश ने छह दशक दिए थे, साठ साल कम नहीं होते हैं, अगर नौ साल में इतना काम हो सकता है तो साठ साल में कितना हो सकता था। यह उनकी नाकामी है, वो तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे।

## गहलोत को घेरा, वसुंधरा को भी दिया संदेश, इस चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है और वह चेहरा है कमलः पीएम

# राजस्थान में गरजे पीएम मोदी

**राजस्थान**

**पीएम** मोदी ने राजस्थान की रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को घेरा जबकि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के लिए साफ संदेश भी दिया। पीएम ने कहा, इस चुनाव में हमारा एक ही चेहरा है और वह चेहरा है कमल। पीएम ने अपने संबोधन में प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने और विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने और भाजपा को जिताने का आह्वान किया।



कन्हैया लाल हत्याकांड पर राज्य सरकार को घेरा

पीएम ने राज्य को अपराध में सबसे ऊपर बताते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।

उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड का जिक्र करते हुए कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के आरोप लगाए।

# ई-सिगरेट रखना पड़ेगा भारी

## उल्लंघन करने वालों पर होगा एक्शन; स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया ऑनलाइन पोर्टल

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने ई-सिगरेट को लेकर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ई-सिगरेट रखना कानून का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि ई-सिगरेट और इसी तरह की दूसरी चीजों को रखना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) 2019 का उल्लंघन है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा गया था स्पष्टीकरण

सूत्रों ने बताया कि यह स्पष्टीकरण पिछले महीने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा गया था। उन्होंने



कहा कि इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम में ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का कोई जिक्र नहीं है। हालांकि, यह कानून ई-सिगरेट के उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाने के लिए बनाया गया है।

# देश व धर्म को समर्पित होता है संत का जीवन : सीएम

**गोरखपुर**

**गोरक्षपीठा**धीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक संत का अपना व्यक्तिगत जीवन नहीं होता। वह देश व धर्म के लिए समर्पित होता है। देश और समाज की आवश्यकता ही संत की प्राथमिकता होती है। महंत दिग्विजयनाथ जी ऐसे ही संत थे। उन्होंने अपने समय की चुनौतियों के लिए संघर्ष किया। सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के



अंतर्गत सोमवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी का संबंध राजस्थान के मेवाड़ के उस राणा कुल से है, जिसने देश के स्वाभिमान के लिए लड़ते हुए अपना जीवन मातृभूमि को समर्पित कर दिया। उन्होंने यहां पर अनेक धार्मिक राजनीतिक अनुष्ठानों से जुड़कर कर समाज के लिए कुछ नया करने का प्रयास किया।

शिक्षा पर रहा ब्रह्मलीन महंत जी का सर्वाधिक जोरः मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों के आश्रमों में विज्ञान के शोध होते थे इसलिए राक्षसगण उस पर आक्रमण करते थे।

महंत दिग्विजयनाथ जी ने गोरक्षपीठ से जुड़कर सबसे पहले शिक्षा पर जोर देते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। युवा पीढ़ी राष्ट्रभावना से ओत प्रोत हो, इसके लिए उन्होंने अपने संस्थानों का विस्तार किया। उनके द्वारा स्थापित शिक्षा परिषद एक विश्वविद्यालय की स्थापना में योगदान देने के साथ एक अपना विश्वविद्यालय स्थापित कर चुका है।

# एशियाई खेल : भारतीय टीम ने 4७400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में जीता रजत

**हांगझू,**

**भारतीय** टीम ने सोमवार को चल रहे एशियाई खेलों में 4७400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत शुरूआत में तीसरे स्थान पर था, लेकिन श्रीलंकाई टीम को लेन उल्लंघन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया और भारतीय टीम ने रजत पदक हासिल किया।

मुहम्मद अजमल, विथ्या रामराज, राजेश रमेश और सुभा वेंकटेशन की भारतीय टीम ने 3:14.34 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

बहरीन ने 3:14.02 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान ने 3:24.85 सेकेंड के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच, भारतीय एथलीट एंसी सोजन एडापिल्ली ने महिलाओं की लंबी कूद में रजत पदक जीता। अपने पांचवें प्रयास में, उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 6.63 मीटर दर्ज किया और पोडियम फिनिश हासिल की। चीन की शिकी जिओंग ने 6.73 मीटर दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। हांगकांग, चीन की नगा यान ने 6.50 की दूरी के साथ कांस्य पदक हासिल किया ।

## बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट, प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले सीएम योगी की समीक्षा बैठक का दिखा असर

# बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा

### सीएम योगी की मॉनिटरिंग से इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिलों में काफी कम हुई जनहानि

**लखनऊ**

**योगी** सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई



व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये।

प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिशः

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के जिले शामिल हैं।

# कर्नाटकः 'कांग्रेस सरकार में असामाजिक तत्वों को मिल रहा समर्थन'

## शिवमोगा की घटना को लेकर भाजपा ने साधा निशाना

**बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के शिवमोगा जिला मुख्यालय में रविवार शाम पथराव की घटना के एक दिन बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाने में विफल रहने का आरोप लगाया। शिवमोगा की संवेदनशील प्रकृति की ओर इशारा करते हुए विपक्षी दल के नेताओं ने सवाल किया कि कोई एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए गए और पूछा कि ईद मिलाद जुलूस



के दौरान ऐसी घटना क्यों हुई, जबकि हाल ही में गणेश विसर्जन और जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे।

## खबर संक्षेप

### हादसे में भेड पालक व पांच भेड़ घायल, एक भेड़ की मौत

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर रामनाथपट्टी गांव के सामने सोमवार की सुबह लगभग छः बजे इसी गांव के भेड़ पालक राम नारायण पाल अपनी भेड़ों के साथ सड़क पार कर रहे थे कि फूलपुर की तरफ से तेज गति से आ रही बोलेरो चार पहिया वाहन ने भेड़ पालक तथा कई भेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भेड़ पालक राम नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पर टक्कर से एक भेड़ की मौके पर ही मौत हो गई तथा पांच भेड़ घायल हो गए। जानकारी मिलने पर गंभीर रूप से घायल भेड़ पालक को परिजनों ने पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### बापू व देश के लाल को किया नमन

**झूंसी।** छतनाग स्थित एमपी बिरला शिक्षा भवन एवं इण्टर कालेज में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनायी गयी। विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था की प्रबंधक नीलिमा वर्मा ने बापू और शास्त्री जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि अपने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने से हमे अवश्य सफलता मिलेगी। विषम परिस्थितियों में हमें घबराना नहीं चाहिए और अपने देश के उन महापुरुषों को याद करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रीता पाण्डेय, उप-प्रधानाचार्य सुरेन्द्र शर्मा संग समस्त अध्यापक गण ने पुष्प अर्पित कर महापुरुषों को याद किया।

# प्रभारी जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में फहराया राष्ट्रीय ध्वज





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी श्री गौरव कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तदक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी ने संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकों नमन किया। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का अतुलनीय योगदान रहा हैं। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ प्रज्जवलित किया। उन्होंने राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रभारी जिला अधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए लोगो की समस्याओं का पूरी पारदर्शिता के साथ समाधान करने के लिए कहा। इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारीगण, अपर नगर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### गैर इरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के कुछ महीने पहले बनकट गांव में पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। जिसको लेकर एक पक्ष की मृत्यु भी चली गई थी। जिसमें पीड़ित पक्ष ने सोरांव थाने पर मुकदमा लिखवा दिया था। जिसको लेकर वांछित अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को बनकट गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिए गौरतलब है कि बीते मई माह में बनकट गांव में पानी निकासी को लेकर दो पक्ष में जमकर मार पीट हो गई थी। जिसमें पीड़ित पक्ष शैलेंद्र गुप्ता के पिता हीरालाल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पीड़ित शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने पड़ोस के ही राहुल पांडे पुत्र शिव कुमार सहित लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया था। जिसको लेकर आरोपी गिरफ्त से बाहर थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी राहुल पांडे पुत्र शिव प्रसाद पांडे 32 साल को पुलिस ने बनकट गांव से पड़कर थाने ले आई। और विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिए।

## न्यूज झरोखा

### मेजा ब्लॉक में जयन्ती पर याद किये गए गांधी व शास्त्री



**मेजा।** भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा और गति देने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 154वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। सरकारी दफ्तरों, स्कूलों और स्वयं सेवी संगठनों ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसी क्रम में प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा द्वारा गाँधी ,शास्त्री को तथा ब्लॉक स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जिन्हें हम बापू और राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हैं, महान महापुरुष और स्वतंत्रता सेनानी थे। यदि हम यह कहें कि आज के भारत के निर्माण में गांधी का सर्वाधिक योगदान था तो कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उन्होंने सभी धर्मो के लोगों को एक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इस मौके पर मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कामेश्वर पटेल, मंडल मंत्री संजय तिवारी, प्रधान पंकज राव, प्रधान राजेश पाल, आशुतोष मिश्र, मयंक शुक्ला, राहुल मिश्र, ए डी ओ पंचायत अखिलेश तिवारी, स्थापना बाबू, रामकृष्ण गुप्ता और ऑपरेटर अजय यादव, राजेश तिवारी और राजू मिश्रा मौजूद रहे।इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा में गांधी की 154 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

### नवोदय में धूमधाम से गांधी और शास्त्री जयंती मनी



**मेजा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा में छात्रों एवं स्टाफ द्वारा उनके महान कार्यों को याद करके मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत इन महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के द्वारा किया गया। उपप्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा ने इन महापुरुषों के जीवन के महान प्रसंग को याद करते हुए छात्रों से उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर सच्चाई ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा पर चलने का मंत्र दिया। शिक्षक अजय तिवारी ने महात्मा गांधी के निर्भीकता और सत्याग्रह पर प्रकाश डाला। डॉ अरविंद चौधरी के अनुसार महात्मा गांधी के एकादश व्रत हम सब के जीवन में एक प्रेरणा स्रोत की भांति काम करता है। कार्यक्रम का संचालन छात्र ऋषभ पटेल ने किया। अंत में अरविंद जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर नितिन कुमार,अमित, अभिषेक सिंह, डॉ रजनीश परिहर, श्रीमती बिंदु यादव, श्रीमती कामिनी, श्रीमती मोनिका सुश्री पूर्णिमा कुशवाहा, श्रीमती सीमा और शोभित सिंह आदि मौजूद रहे। गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर शत शत नमन किया

# रामजानकी मंदिर के पुजारी की हत्या हाथ पैर बांधकर खेत में फेंका शव

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आनापुर में रामजानकी मंदिर के पुजारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मुंह में कपड़ा ठूंसकर हाथ और पैर कपड़े से बांधकर उनका शव मंदिर के पास खेत में फेंक दिया गया। सुबह घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हत्या के बाद मंदिर का ताला तोड़कर मूर्तियां भी खेत में फेंक दी गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जाहिर तौर पर शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। दम घुटन से हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है।आनापुर गांव में आईकेएम पीजी कॉलेज परिसर में राम जानकी का मंदिर है। यहां पर करीब दो दशक से एक दिव्यांग पुजारी महेंद्र मणि त्रिपाठी (45) पुत्र बलराम पूजा पाठ और मंदिर की देखरेख करते थे। वह बिहार में सिवान के रहने वाले थे। सोमवार को उनकी लाश मंदिर के पास खेत में पाई गई। हाथ-पैर कपड़े की रस्सी से बंधे थे और मुंह में भी कपड़ा ठूंसा गया था। मंदिर का ताला भी टूटा था और मूर्तियां गायब थीं। हालांकि कुछ देर बाद मूर्तियां मंदिर के पास खेत में पड़ी मिलीं। सुबह मंदिर की ओर गए ग्रामीणों ने पुजारी का शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर में पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी फोर्स के साथ पहुंच गए। फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। डॉग स्क्वॉयड टीम ने पहुंचकर छानबीन की। उधर, पुलिस को यह भी सूचना मिली है कि पुजारी का अपने पैतृक गांव सिवान बिहार में पारिवारिक विवाद चल रहा था। हो सकता है हत्या इसी के चलते की गई हो। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। एसीपी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# गांधी व शास्त्री को पुष्पांजलि के साथ किया गया नमन





**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रूदापुर देवनहरी में संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय सहित अध्यापकों और छात्र छात्राओं ने लोकतंत्र के जनक सत्य अहिंसा त्याग सदाचार की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जिन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। ऐसे महान स्वतंत्रता के नायक महापुरुषों के जन्म जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते शत शत नमन किया गया। इस अवसर पर बापू और शास्त्री जी के योगदान को याद करते हुए प्रबंधक ने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर उसे आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रमुख रूप से संजय शर्मा, चंद्रप्रकाश मौर्य, प्रमोदित यादव, अनुभव वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, अखिलेश शर्मा, सुरक्षा निषाद, अर्पिता कुशवाहा, सविता गुप्ता, रागिनी दुबे, राजन कुमार, मारिया बानो, साक्षी यादव, निविदा पाल और कुमारी महिमा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसी प्रकार सहसों चौराहा स्थित सघन विकास क्षेत्र सीमित के खादी भवन पर समिति के मंत्री धरणी धर द्विवेदी एवं अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने झंडारोहण कर खादी के जनक स्वदेशी पर बल देने वाले महात्मा गांधी को याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर खादी समिति के विकास पर विस्तार से चर्चा करते हुए रमेश कुमार द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, रविंद्र कुमार पांडे, राजेंद्र प्रसाद, शेष कुमार द्विवेदी सहित आदि लोग उपस्थित रहे। इसी तरह पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन के साथ पुष्पांजलि कर नमन किया गया। इस अवसर पर समाज के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने दोनों महापुरुषों के जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नमन किया। इस मौके पर प्रवीण शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, पंकज शुक्ला, भोनू शुक्ला, विजय तिवारी, मनीष तिवारी, आशीष शुक्ला एवं राकेश दिवेदी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों पर चलना चाहिए, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली



**नैनी।** नैनी में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नैनी स्थित एसपीओ कार्यालय में गांधी जी की चलचित्र पर पुष्प अर्पण कर उनको याद किया गया। देशभर में मनाया जा रहा है गांधी जयंती। इस अवसर पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उपप्रभारी परवेज अहमद ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रभारी अभयराज सिंह, उपप्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह,थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा उपस्थित रहे।इस दौरान मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, संचालक (अलाउंसर)इकरामुल्ला,राम जी जायसवाल, प्रदीप कुमार,समीर खान,आशीष कुमार, मयंक, दिनेश केसरवानी, संदीप विश्वकर्मा,सुशील शर्मा,पंकज मलिक, सुरेंद्र गुप्ता, विवेक पाल, आशीष रावत, मनीष रावत,दिनेश केसरवानी, नौशाद अहमद,अरविंद कुमार, शुभम प्रजापति, मो आरिफ, अश्वनी शर्मा, राम जी, आदि ने



### लायंस क्लब द्वारा गरीबों को अन्न और वस्त्र वितरित किया गया

**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के उपलक्ष में लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छता और अन्न एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देते हुए लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के पदाधिकारी एवं अन्य क्लबो के सदस्य गण यमुना बैंक रोड पर स्थित बोर्ड क्लब मौज गिरी आश्रम के पास प्रयागराज के सारे लायंस क्लबो के सदस्यों ने मिलकर अन्न के पैकेट और पुराने वस्त्र वहां उपस्थित मालिन बस्ती के लगभग डेढ़ सौ गरीब परिवारों को उपलब्ध कराया। कपड़े व अन्न के पैकेट पाकर वहां के महिलाओं बच्चों पुरुषों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखने को मिली। गरीब असहाय लोगों की मदद करना ही लायंस का धर्म है।लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंडल अध्यक्ष लायन जे एन श्रीवास्तव एवं अर्पण धन दुबे भी वहां मौजूद रहे। हमारे क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा, सचिव इं संत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सूर्यनाथ प्रजापति, रवि भूषण गुप्ता सुधा गुप्ता, सरिता पटेल, अल्पना वर्मा,रवि मिश्रा, सुचित्रा मिश्रा, सुनील कुमार सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

# भाकियू की महापंचायत कार्यक्रम का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** रविवार को सोरांव क्षेत्र की सधनगंज बाग में एक भारतीय किसान यूनियन की एक विशाल रैली हुई। जिसमे हजारों की संख्या में किसान, मजदूर, मजलूम पहुंचे। इतना ही नहीं वहां पर मौजूद है भारी भरकम किसने की संख्या देखकर शपथ के नेताओं के हाथ पांव फूल गए। लोगों का मानना था कि इस बाग में भाजपा के दिग्गज नेताओं की एक विशाल रैली की गई थी लेकिन जितनी भीड़ भारतीय किसान यूनियन में रही उतना बीजेपी की रैली में नही। जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन भानू ग्रुप के कार्यकताओं ने किसानों के साथ हो रहे अत्याचार व समस्याओं का निराकरण करने की बात सभी लोगों से कहे। इतना ही नहीं भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव व कार्यक्रम संयोजक राजकुमार पटेल के नेतृत्व में पिछले 1 महीने से लगातार लाखों रुपए खर्च करके अथक परिश्रम के पश्चात हजारों की संख्या में किसान राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात को सुनने के लिए सुबह से शाम तक डटे रहे। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने अपने लगभग 1 घंटे के भाषण में किसानों के हितों का मुद्दे की बात करते रहे। तथा वर्तमान भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसानों के साथ हो रहे अत्याचार पर विचार करने के लिए भी मंच के माध्यम से अपनी बात कहे। इतना ही नहीं किसानों के लिए खाद, बीज, बिजली, आदि को मुक्त करने की भी बात कहे है। तथा किसानों का कर्जा माफ करने की भी बात का समर्थन उपस्थित सभी किसानों ने किया। उप जिलाधिकारी सोरांव गणेश कनौजिया संग तहसीलदार को किसानों के साथ हो रहे अत्याचार संबंधी जिलाधिकारी के नाम का एक ज्ञापन भी सौंपे। तथा उप जिला अधिकारी गणेश कनौजिया को भी लेखपालों द्वारा किसानों के साथ किया जा रहा अत्याचार को खत्म करने की बात कहे। तथा तहसील ने कार्यरत कुछ भ्रष्ट लेखपालों की भी लिखित शिकयत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से किया। तथा अध्यक्ष ने कहा कि किसान ही एक ईश्वर का बनाया हुआ इंसान है जो पूरे देश का पेट भरता है। और हर मौसम में हांड तोड़ मेहनत करके जमीन का सीना फाड़ करके अन्न को उपजाता है। लेकिन जब किसान के मन मुताबिक मूल्य नहीं मिलता है तो दुःख होता है। इस मौके पर संचालक संजय पटेल, सहित बाहर सराय ग्राम के प्रधान पति राम गणेश मौर्य, प्रधान पति बारी जंग बहादुर पटेल, प्रधानपति भावापुर श्यामधर पटेल, प्रधान पति उसरही अवधेश कुमार कुशवाहा, प्रधान शाहपुर रविराज सोनकर, प्रधान पति उदयचंद्र पुर संदीप कुमार संग प्रधान कृष्णापुर योगेश पटेल संग ब्लॉक के सभी प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय चनेथू में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई



जंघई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर को मनाई गई।पूर्व माध्यमिक विद्यालय चनेथू में प्रधानाध्यापक अनिल सिंह एवं अध्यापिका रंगीता तथा विद्यालय के बच्चों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। बच्चों ने गांव में प्रभात फेरी निकालीं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पहले जागरूकता रैली का आयोजन किया गया स्वच्छ भारत, जीवन को हां नशे को ना, सड़क सुरक्षा और गांधी जी के ग्यारह प्रतिज्ञाओं पर छात्र-छात्राओं ने नारे लगाए।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री शास्त्री जी की मनाई जयंती

**करछना।** प्रयागराज 2अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर करछना में कांग्रेस जनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती रंगराज सिंह जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने बापू जी के प्रिय भजन गाए गांधी जी व शास्त्री जी पर अपना वक्तव्य देने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रकाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी विद्याधर मिश्र एडवोकेट सुरेश शुक्ल नागेश पांडेय जिला सचिव आशीष कुमार मिश्र एंडो विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट श्याम बाबू सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस अकबाल बहादुर कुशवाहा कौशलेंद्र गौड़ रजनीश कुमार राजेश तिवारी सन्तोष कुमार द्विवेदी आदि रहे।

### बरसात में गिरा खपरैल से छाया घर

**जसरा।** विकास खंड जसरा के एक गांव में रविवार रात तेज बरसात होने से खपरैल घर गिर कर जमींदोज हो गया। परिवार के लोग दूसरे मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। अचानक रविवार की रात में मूसलाधार बरसात होने के कारण ग्राम पंचायत चितौरी के महाबीरन निवासी भानु प्रताप पटेल का मकान की दीवार गिरना जैसे ही शुरू हुआ,घर में सो रहे गृह स्वामी बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। अगर देरी करते तो परिवार के साथ बड़ी घटना होने से कोई नहीं बचा पाता। घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान भी दब गया । खपरैल मकान बरसात के कारण गिरकर धराशाई हो गया। गृहस्वामी ने बताया कि मकान के अन्दर रखा सामान मिट्टी के ढेर में दब गया है। घर के लोग दूसरे के मकान में रहने को मजबूर हो गये हैं।

# गांधी और शास्त्री ने किया नव भारत का निर्माण : अनय प्रताप सिंह



अखंड भारत संदेश

### राजा कमलाकर इंटर कालेज में मनाई गई जयंती, छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

**शंकरगढ़।** हम सभी के ह्यबापूह्न महात्मा गांधी और ह्यगुदड़ी के लालह्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सोमवार को पूरे जनपद में धूमधाम से मनाई गई। स्कूलों में विविध कार्यक्रम हुए। बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। कई स्कूलों में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम हुए और गांधी व शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात गांधी और शास्त्री के जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने कहा, महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा के पुजारी थे। वह स्वच्छता के समर्थक थे। हम सभी को गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। अनय प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने भारत का नवनिर्माण किया। उनका योगदान सदियों तक याद रखा जाएगा। अनयप्रताप सिंह ने लाल बहादुर शास्त्री के प्रारंभिक जीवन के संघर्षों को याद किया। कहा, शास्त्री ने ह्यजय जवान जय किसानह्न का नारा दिया। विद्यालय के शिक्षक डा. बृजेश कुमार यादव ने गांधी व शास्त्री के संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के उपरांत प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा महापुरुषों की झांकी निकाली गई। प्रभात फेरी में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस मौके पर ओपी धारिया,पन्ने लाल,अजय कुमार सिंह,राम सिंह समेत तमाम शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

# सीसीटीवी लगवाने पर ग्राम प्रधान के साथ मारपीट, धमकी

**कोरांव, प्रयागराज** अभी तक आपने प्रधान, सचिव, लेखपाल आदि के द्वारा घूस मांगे जाने के मामले सुने होंगे, लेकिन अब गांवों में तैनात कंप्यूटर आपरेटर भी घूस मांगने लगे हैं। आरोपित है कि पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने पर पंचायत सहायक (कंप्यूटर आपरेटर) के गुर्गो द्वारा प्रधान व उनके प्रतिनिधि से मारपीट की गई, साथ ही फर्जी मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। प्रधान की तरफ से पूरे मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कोरांव पुलिस से की गई है। यह मामला विकास खंड कोरांव की ग्राम पंचायत कुकुरहटा का है। यहां पर पंचायत सहायक (कंप्यूटर आपरेटर) के पद पर मनीषा सिंह पत्नी बृजेश सिंह तैनात हैं। प्रधान मांडवी सिंह के द्वारा की गई शिकायतों के मुताबिक पंचायत कार्यालय का सीसीटीवी कैमरा खराब होगया था, जिसे वह बनवा रही थीं। मौके पर उनके प्रतिनिधि के रूप में ज्योतिप्रकाश सिंह भी मौजूद थे। आरोपित है कि सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने पर कंप्यूटर आपरेटर मनीषा सिंह ने विरोध किया और उसे जरूरी बताया गया तो मनीषा ने कुछ लोगों को बुलवा लिया। उक्तलोगों के द्वारा प्रधान व उनके प्रतिनिधि के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। फर्जी मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। प्रधान ने पुलिस के साथ-साथ सीडीओ से भी शिकायत की है। आरोप लगाया है कि पंचायत के विकास कार्यों में पांच प्रतिशत कमीशन कंप्यूटर आपरेटर के द्वारा मांगा जाता है। नहींदेने पर भुगतान नहीं लगाने की धमकी दी जाती है। कंप्यूटर आपरेटर केद्वारा सचिवालय के दफ्तर में निजी ताला लगाया जाता है। आपरेटर मनीषा सिंह के द्वारा रोज दफ्तर नहीं आने से लोगों को सरकारी कार्यों के लिए निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है।

# उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन




स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता प्रहरियों के साथ संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया

उपमुख्यमंत्री जी ने लोगो को अपने नगर, प्रदेश व देश को कूड़ा-कचरा से मुक्त कर स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर बालसन चैराहा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत बालसन चैराहें के पास स्थित पार्क में स्वच्छता प्रहरियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें आज यह संकल्प लेना है कि हम सभी लोग अपने नगर, प्रदेश व देश को कूड़ा-कचरा से मुक्त कर स्वच्छ बनायेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए जो प्रयास किया था, आज वह प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक जनआंदोलन का रूप ले रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## शराब का पैसा न देने पर दबंगों ने दलित युवक को पीटा,बचाने गए युवक को भी बनाया निशाना

**उतराव।** उतराव थाना क्षेत्र की मदार्पुर गांव में एक युवक को दबंगो ने शराब पीने के लिए पैसा न देने पर जमकर पिटाई कर दी। वही बीच बचाव में गए एक युवक को भी दबंगों ने जमकर पीटा। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर नाम जद लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धन्सीपुर थाना उतराव निवासी राहुल कुमार हरिजन जो पिकअप चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह पिकअप का भाड़ा करके अपने घर के लिए आ रहा था। जैसे ही मदार्पुर पहुंचा था कि आरोप है की दबंगों ने उसे जबरन शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। वहीं विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारना पीटना शुरू किया। युवक को पिटता देख बीच बचाव में मदार्पुर निवासी फिरोज कुमार गया तो दबंगों ने उसकी भी पिटाई कर दी। शोर गुल मचा स्थानीई लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने थाने पर दबंग के खिलाफ लिखित पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उनके द्वारा आए दिन मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है।

# न्यूज झरोखा

## ग्राम पंचायत हाजीगंज में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सोरांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के पूर्व रविवार को सोरांव ब्लॉक के असवा उर्फ हाजीगंज ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाकर कई स्थानों पर साफ सफाई का आयोजन किया गया। विकास खंड सोरांव में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल, एडीओ पंचायत विजय बहादुर यादव सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने हाजीगंज के सभी मजरों में स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब ने कहा कि गांव गली के साथ साथ सबको संकल्प लेना होगा कि अपने आस पास गंदगी नहीं फैलने देंगे। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में साफ सफाई देख करके प्रमुख और बीडीओ भी खुश हुए और ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी प्रेमचंद पटेल व शिव बहादुर चौधरी को सम्मान पत्र देकर के सम्मानित किए। तथा ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप पासी ने ब्लॉक क्षेत्र में आने वाले सभी ग्राम पंचायत को साफ सुथरा करने के लिए ग्राम प्रधानों को ग्रुप में निर्देश भी दिए। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश को कचरा मुक्त करने का जो उद्देश्य है उसको पूरा किया जा सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी संग सम्मानित ग्राम वासी मौजूद रहे।

## गांधी और शास्त्री देश के पथप्रदर्शक- प्रो. जेपीएन मिश्रा



**हनुमानगंज।** आशुतोष मेमोरियल स्कूल, धनैचा-मलखानपुर में राष्ट्र के दो महान विभूतियों के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अलग-अलग बाल मंचन कर सभी का मन मोह लिया। अपनी प्रतिभाओं से बच्चों ने अपने मित्रों को गांधी जी के आदर्शों पर अनवरत चलते रहने की सीख दी। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन प्रो. जेपीएन मिश्रा ने बच्चों को गांधीजी के विचारो के बारे में बताकर बच्चों को सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिया गया प्रसिद्ध नारा - 'जय जवान- जय किसान' को उद्धृत किया। विद्यालय समन्वयक अदिति सिंह ने बच्चों को लाल बहादुर शास्त्री के कथन देश की तरक्की के लिए हमे आपस में लड़ने के बजाए बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा पर जोर देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण अंचल में भी बच्चों के सुनहरे भविष्य की तलाश करने के पथ पर अग्रसर है।

## संगम नगरी को स्वच्छ बनाने के लिए सीआई डॉ. धर्मेंद्र यादव ने संभाली कमान



**करछना।** प्रयागराज जनपद के संगम क्षेत्र में आने वाले महाकुंभ को देखते हुए साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जा रहा है सीआई डॉ धर्मेंद्र यादव ने बताया कि आने वाले 8 अक्टूबर को संगम क्षेत्र में एयर शो के दृष्टिगत साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है इतना ही नहीं धर्मेंद्र यादव फील्ड में घूम कर साफ सफाई का जायजा ले रहे हैं आपको बता दें कि इससे पहले सीआई डॉक्टर धर्मेंद्र यादव का 3 वर्ष से माघ मेला क्षेत्र अरैल को साफ और स्वच्छ बनाने में काफी योगदान रहा है कड़ी मेहनत करके सफाई कर्मियों के साथ मिलकर माघ मेला क्षेत्र अरैल को साफ और स्वच्छ बनाया था अब उनका कहना है कि ठीक उसी तरह संगम नगरी को भी स्वच्छ रखा जाएगा और उन्होंने आने जाने वाले श्रद्धालुओं से यह अपील भी की है कि स्वच्छता का विशेष ध्यान देते हुए संगम क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में उनका सहयोग करें

## श्रीमती इंदिरा गांधी कालेज में धूमधाम से मनाई गई गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती



**करछना।** श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा करछना में प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय के मार्गदर्शन में गांधी एवं शास्त्री जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा गांधीजी एवं शास्त्रीजी की फोटो पर बच्चों के साथ मिलकर माल्यार्पण किया एवं बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी कई बातों को बताया गया, उन्होंने बताया की आजादी में गांधीजी के योगदान के कारण उन्हे राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भी गांधीजी के जीवन पर आधारित विचार व्यक्त किए एवं बच्चों एवं शिक्षकों ने शपथ ली कि हम अपने विद्यालय और घर को स्वच्छ रखेगें,साथ ही विद्यालय में सुलेख प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया,जिसमे प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र एवं छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं उपहार सहित पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुशील सिंह,आशीष शुक्ला, रामसुंदर, नागेश बिंद,राजेन्द्र पाण्डेय, अमरेंद्र कुशवाहा, वीना उपाध्याय, अनुज प्रजापति,प्रतिमा सिंह,निधि,अ खिलेश, सत्यमअभिषेक, इन्द्रबहादुर,आशुतोष,गणेश शंकर, राजकुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जसरा में जयंती पर स्वास्थ्य मेला आयोजित

**जसरा।** क्षेत्र के एक गांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों मरीजों की जांच की गई तथा दवाएं भी दी गई। सोमवार को तातारगंज गांव में दोनों महापुरुषों की जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर की टीम द्वारा बीपी, सुगर, थाइराइड, बुखार आदि की जांच कर ग्रामीणों का उपचार किया गया। इस मौके पर डाक्टर की टीम के साथ ग्राम प्रधान बृजेश सोनकर ,बीडी पाठक, कमला कान्त दुबे,मुन्नू दुबे,एएनएम,आशा बहुओं के साथ ही भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अखंड भारत संदेश**

जनपद न्यायाधीश ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आमजन को जागरुक किए जाने हेतु रैली को हरी झंडी दिखाकर किए रवाना

माननीय वरिष्ठ न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान का किया गया शुभारंभ






**प्रयागराज।** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार सोमवार 2 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर जनपद न्यायालय में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संतोष राय द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अनिरुद्ध कुमार तिवारी विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, रत्नेश श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, विकास श्रीवास्तव अपर जनपद न्यायाधीश, रविकांत-द्वितीय विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रथम, अंजनी कुमार विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय, दिनेश चंद्र शुक्ला, विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए, आलोक दुबे, अपर जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज, श्रीमती निशा सिंह अपर पारिवारिक न्यायाधीश प्रयागराज , सत्यपाल सिंह प्रेमी, लघुवाद न्यायाधीश, दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नवनीत सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन, डॉ लकी विशेष मुख्य मजिस्ट्रेट, अमित कुमार ,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे के साथ समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। माननीय वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में समस्त न्यायाधीशों के साथ निर्वाचक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में उद्घाटन समारोह के उपरांत स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आमजन को जागरुक किए जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। रैली में विकास गुप्ता, चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल, गौरव सिंह, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल, लवलेश कुमार डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल, अभिषेक सिंह असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज की ओर से पराविधिक स्वयंसेवक पार्थ शुक्ला, आदित्य कुमार राय, सुश्री दीप्ति द्विवेदी, सुश्री सौम्या सिंह, हर्षित सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता जागरूकता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम जनपद न्यायालय दीवानी परिसर प्रयागराज भवन की साफ सफाई करते हुए गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया व स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली को नगर भ्रमण हेतु विभिन्न स्थानों पर प्रचार प्रसार हेतु भेजा गया।यह जानकारी सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## हरे राम सेवा संस्थान ने वृक्षारोपण व स्वक्ता अभियान कर मनाया महात्मा गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री की जन्म जयंती

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज ।** बीते दिन 2 अक्टूबर को हरे राम सेवा संस्थान ने सीएमपी डिग्री कॉलेज के डॉ. अनंत सिंह और उनकी टीम ने प्रयागराज शहर के विभिन्न इलाकों में स्वक्षता अभियान चलाया व ट्री गार्ड में सूख रहे पौधों की जगह नए पौधे लगाए ।कार्यक्रम की शुरूआत मम्फोर्डगंज पुलिस चौकी से हुई। चौकी प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने अपने अन्य सहकर्मियों के साथ मिलकर इस अभियान में प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक डॉ. अनंत सिंह ने वहां उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए इस दिन की महत्वता पर प्रकाश डाला । डॉ. अनंत सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके प्रकृति प्रेम को उल्लेखित करते हुए कहा कि यदि आप सचमुच बापू को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो उनके आदर्शों को अपनाना होगा, एक वृक्ष की सच्चे मन से सेवा करके व आस पास सफाई रख कर हम बापू को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।तत्पश्चात मम्फोर्डगंज पुलिस चौकी प्रभारी राघवेन्द्र सिंह ने भी उपास्थित सभी को संबोधित किया । संबोधन के क्रम में श्री राघवेन्द्र ने कहा की यदि महात्मा गांधी के पांच प्रतिशत आदर्शों व मूल्यों को हम अपना लें तो हम एक बेहतर इंसान व बेहतर नागरिक बन सकते हैं। साथ ही साथ उन्होंने हरे राम सेवा संस्थान की सराहना करते हुए कहा की संस्थान की टीम से जुड़े लोगों की उत्साह सराहनीय है, आपको देखकर मुझे यह विश्वाश हो रहा है की देश का भविष्य बेहतर हाथों में है। सीपीडीए के प्रबंधक जितेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा की जिस प्रकार वो सीमाओं की सुरक्षा के लिए सिपाही तैयार करते हैं उसी प्रकार यह संस्थान प्रकृति और मानवता की सुरक्षा के लिए सिपाही तैयार कर रहा है , ऐसे सिपाही जो प्रकृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हैं।

**सदस्यों को दिलाई शपथ :** कार्यक्रम की अगली कड़ी में संस्थापक डॉ. अनंत ने सबको शपथ दिलाई की वो हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने को प्रतिबद्ध होंगे व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को अपने वास्तविक जीवन में उतरेंगे। आखिर में डॉ. अनंत ने अपील करते हुए कहा की हमारी जिम्मेदारी आज सिर्फ एक वृक्ष लगा कर पूर्ण नहीं होगी, हमे अपने लगाए हुए पौधों का निरंतर सेवा करना होगा और यह निरन्तर सेवा बापू की सेवा करने जैसा होगा।

**नए कीर्तिमान स्थापित करने को आतुर संस्थान :** बताते चलें की चंद रोज पहले सीएमपी डिग्री कॉलेज के डॉ. अनंत सिंह द्वारा जिस संस्थान की नीव रखी गई थी वो संस्थान अब बड़ी इमारत बनने की ओर अग्रसर है। सैकड़ों सदस्यों की ये राष्ट्र स्तरीय संस्थान बैक टू गुरुकुल अभियान, वृक्षारोपण अभियान, स्वक्षता अभियान के साथ साथ स्वास्थ सेवाओं पर निरंतर कार्य कर रही है। जैसा की संस्थान के मूल सिद्धांतों में स्पष्ट लिखा भी गया है "गुरुकुल शिक्षा पूर्णतया निःशुल्क है परंतु गुरुदक्षिणा परंपरा का पालन करते हुए हम अपने शिक्षार्थियों से दक्षिणा के नाम पर एक वचन लेते हैं की वे सदैव अपने समाज, राष्ट्र और मानवता के प्रति सच्ची श्रद्धा, सेवा व समर्पण का भाव रखेंगे"। निःसंदेह रूप से यह कहा जा सकता है को सैकड़ों सदस्यों का समर्पण, गुरुओं का आशीर्वाद , बड़ों का सहयोग व छोटों के प्रेम से परिपूर्ण यह संस्थान कामयाबी की नई इबारत गढ़ने को आतुर है।वृक्षारोपण व स्वक्षता अभियान में डॉ संजय कुमार सिंह, गुंजन सिंह ,डॉ प्रतिमा सिंह, सीपीडीए के प्रबंधक जितेन्द्र शर्मा, शोध छात्र अमरजीत यादव,गौरव ओझा,अंकुर रौनियार, सौरभ पाण्डेय अविनाश पाल, निखिल प्रजापति, धर्मेंद्र यादव,देवब्रत राय तथा रोहित वर्मा, एआरओ, इलाहाबाद हाईकोर्ट परास्नातक छात्र सुनील कुमार यादव, पवन साहू, सत्यम, जयंत यादव, प्रत्युष सिंह, विनय यादव, राम शर्मा,अतुल यादव,सत्यम मिश्रा,विवेक पांडेय,शांतनु मिश्र लॉ छात्र, आदि शामिल रहे।

# गांधी जी का एकादश व्रत जीवन के लिए है प्रेरणा स्त्रोत : डॉ.स्वतंत्र मिश्रा

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में धूम धाम से मनी महात्मा गांधी और पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**अखंड भारत संदेश**



**मेजारोड, सिरसा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री दोनो महापुरुषों आदर्शो से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। महात्मा गांधी का एकादस ब्रत हम सब के जीवन में एक प्रेरणा श्रोत है । उक्त उदगार मेजा के गोसौरा कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज की प्रिंसपल डॉक्टर स्वतंत्र मिश्रा ने गाधी जयंती के अवसर पर स्कूल कैम्पस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति छात्र छात्राओं को संबोधित करती हुईं व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि महात्मा गांधी और पं. लाल बहादुर शास्त्री दोनो महापुरुषों के जीवन के महान प्रसंग को याद करते हुए छात्र छात्राओं को उनके चरित्र प्रेरणा लेकर सचाई ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा की राह पर चलना चाहिए। श्रीमती मिश्रा ने महात्मा गांधी के निर्भीकता और सत्या ग्रह आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी का एका दस ब्रत हम सब के लिए प्रेरणा श्रोत है। इतना ही नहीं अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि दोनो महापुरषों के आदर्शो से प्रेरणा लेकर हमे जीवन में आगे बढ़ना है तथा उनके विचारों को अपने अंदर विकशित करना है। उनका मानना है कि ऐसे महापुरषों के विचार जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए स्वच्छ अभियान तहत स्वच्छता की शपथ लेते हुए उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपनी आस पास कहीं पर गंदगी नहीं होने का अपील किया। इसी क्रम में कालेज के वरिष्ट शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के जीवन गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला और बच्चों को सत्य एव अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए जागरुक किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति गीत, कविता एवं भाषण के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। इसके पूर्व सर्वप्रथम कालेज के चेयरमैन सुशील मिश्रा एव सहयोगी शिक्षको ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधतंत्र के अलावा शिक्षक, शिक्षिकाए, छात्र, छात्राए, तथा स्कूल के वाहन चालकों सहित समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

# गांधी जी का जीवन युवाओं को शिक्षा के लिए करता है प्रेरित : सरित माहेश्वरी

## मेजा ऊर्जा निगम में प्रभात फेरी निकाल कर मनी गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** मोहनदास करमचंद गांधी एक ऐसा नाम है जो दुनिया भर में सत्य और अहिंसा के लिए जाना जाता है। महात्मा गांधी जीवन देश के युवाओं को सत्य अहिंसा के रास्ते पर चलकर शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। उक्त बातें मेजा ऊर्जा निगम के प्रचालन एवं अनुरक्षण विभाग के महाप्रबंधक सरित माहेश्वरी ने सोमवार को निगम कैंपस में आयोजित महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहीं।उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए गांधी जी के संघर्ष मयी जीवन पर विस्तार से चर्चा किया और कहा को गांधी नाम ही पूरे देश में सत्य अहिंसा के लिए जाना जाता है। आगे उन्होंने कहा कि गांधी जी का शांतिपूर्ण प्रतिरोध सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन लाता है। उनका जीवन युवाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करती है। गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ था। श्री माहेश्वरी ने राष्ट्र निर्माण में महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देश हित में किए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके पूर्व दोनों विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तत्पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा 2023 के तहत क्रीड़ा परिषद द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने के लिए प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मान्यता देते हुए स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता भी फैलाई गई। जिसको सार्थक बनाने के लिए प्रतिभागियों खासकर महिलाओं ने गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर कार्यक्रम में जोर शोर से हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी ने विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों महिलाओं और बच्चो के लिए मनोरंजक खेलों एवं अन्य रोमांचक गतिविधियों के साथ हुआ। इस मौके पर मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारी अपराजिता महिला समाज के सदस्य विभिन्न कल्याण निकायों के प्रतिनिधि सी आई एस एफ के जवान तथा सृजन बिहार के कई अन्य कर्मी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गांधी जी की प्रेरणा से मोदी ने पूरे देश में चलाया सफाई अभियान

## पीएम बनते ही शौचालयों का निर्माण कराकर जनपदों को कराया ओडीएफः हरिप्रताप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका में आज दो अक्टूबर को नौ बजे गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने सफाई को प्राथमिकता देकर इसे अभियान बनाया था, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले खुले शौच को समाप्त कर हर जिले को ओडीएफ घोषित कराने का एड़ी-चोटी का जोर लगाया।

प्रधानमंत्री हर वर्ष दो अक्टूबर को स्वयं सफाई अभियान में सीधे जुट जाते हैं। इसी का परिणाम है कि आज देश भर के लोग इस अमृतकाल में स्वस्थ रहने के लिये सफाई को आत्मसात कर लिये हैं।



नगर पालिका में राष्ट्रगान करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व कर्मचारीगण

नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील ने नगर पालिका के सभागार में सभासदों व कर्मचारियों को गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में विस्तार से बताया। अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ ने कम्पनी गार्डेन में लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, मिथिलेश सिंह सहित सभी कर्मचारी तथा पूर्व सभासद आशुतोष, संजय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता संजय सिंह ने किया। उधर नगर पालिका के पांच सफाई कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था के लिये एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने तुलसी सदन में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले सफाई कर्मचारियों में दीपक, राजू, पप्पू गौड़ व सूरज शामिल रहे।

## व्यापार मण्डल ने मनाई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पावन जयंती पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला मंत्री राहुल केसरवानी के प्रतिष्ठान बाबागंज पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती हर्षोल्लास से मनाया।

उपरोक्त जयंती में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी सहित उपस्थित अन्य सभी पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के त्याग, तपस्या व समर्पण को स्मरण करते हुए पुष्प अर्पित करते हुए कहा



महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

कि इन विभूतियों के त्याग को बुलाया नहीं जा सकता। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल सहित जगदीश मौर्य, दीपक केसरवानी दीपू, अख्तर राइन, सुनील जायसवाल, शकील अख्तर, मनीष केसरवानी गुंजन, पवन सर्राफ, राहुल केसरवानी, विष्णु सिंह सोमवंशीआदि मौजूद रहे।

## हैप्पी टाइम स्कूल में गूंजा रघुपति राघव राजाराम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास मनाई गई। स्कूल परिसर में बच्चों ने रघुपति राघव राजाराम



रघुपति राघव राजाराम का गीत गाती हैप्पी टाइम स्कूल की छात्राएं।

के गीत से गुंजायमान कर दिया था। सृष्टि व सिद्धी ने रघुपति राघव का पूरा गीत सुनाया तो युवराज व अभिषेक ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री पर व्याख्यान दिया। प्रारंभ में स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षिका सौम्या ने अपने सम्बोधन में कहा कि गांधी जी अपने कार्यों के बदौलत महात्मा गांधी बन गये। प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र, सीमा पटेल, उमेश श्रीवास्तव, राज प्रताप सिंह, सृष्टि तिवारी, सुलेखा व ममता ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी को किया याद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी एवम पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी जी के जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में तीनों महान विभूतियों के चित्र पर माला पहनाकर श्रद्धान्जलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिला




महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, शीला देवी, नर्गिस, सुमन देवी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, फतेह बहादुर सिंह, राम अवध यादव, आफाक अहमद, बेलाल अहमद, सुधीर तिवारी, अजीत सिंह, विश्वास सिंह, उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्ट्रेट में गूंजा रघुपति राघव राजाराम का भजन



जिला कलेक्ट्रेट में मौजूद जिलाधिकारी के साथ जीजीआईसी की छात्राएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेश के क्रम में सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश के क्रम में प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ गरिमा श्रीवास्तव एवं गीता के कुशल संयोजन में एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस के कुशल नेतृत्व में छात्राओं के साथ जिला कलेक्ट्रेट में गांधी जयंती के कार्यक्रम शामिल हुए जहां छात्राओं ने गांधी जी के प्रिय भजन राम धुन और वैष्णव जन प्रस्तुत किया जिसे सुनकर जिलाधिकारी और समस्त स्टाफ प्रसन्न हुए और और जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं की एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ परिवार की प्रशंसा की और कहा कि हमें सदैव गांधी जी के सिद्धांतों पर चलना चाहिए और गांधी जी के बारे में विशेष तौर पर छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन करना चाहिए ताकि हम उनके जीवन और व्यक्तित्व पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सके उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर राकेश गुप्ता मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी जितेंद्र यादव उप जिलाधिकारी प्रतापगढ़ एवं समस्त कलेक्ट्रेट परिवार उपस्थित रहा।

## गांधी जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, जिला शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह को प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित



समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को सम्मानित करते आयोजकगण।

किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, लेखाकार विनय कुमार मिश्र, रोशनलाल उमरवैश्य, विवेक उपाध्याय, आर0बी0 सिंह सहित नेहरू युवा केंद्र के कर्मियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी की। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक समर बहादुर सिंह सहित सभी उपस्थित लोगों ने पूज्य गांधी जी के चित्र तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई। संचालन लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने किया।

## रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों ने मचाया उत्पात

### घर में घुसकर पीड़ित ने बचाई जान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर रविवार की रात दबंगों ने पड़ोसी के घर को घेर कर उत्पात मचाया। पीड़ित परिवार घर में घुसकर किसी तरह जान बचाई। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थिति शीतलमउ वार्ड सात निवासी हिमांशु त्रिपाठी पुत्र अरुण त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस के युवक से रास्ते को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर युवक बीते रविवार को शाम लगभग आठ बजे 50-60 लोगो को लेकर मेरे घर पर धावा बोल दिया। पीड़ित घर में घुसकर दरवाजे को बंद कर लिया। उक्त लोग गेट को काफी देर तक पीटते व गलियां देते रहे और जान से मारने की धमकी देते रहे। पीड़ित ने भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो इस भय से पुलिस को तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने बताया की तहरीर मिली है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सपाईयों ने मनाई राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया तत्पश्चात शहर के शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, मीडिया प्रभारी वकार अहमद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष-जियाउल इसहाक, पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला सचिव युनूस मंसूरी, युवा नेता विकास यादव, सैफी सिद्दीकी, अब्दुल खालिक, मो.रईस, कार्यालय प्रभारी प्रदीप यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती पर टीबी रोगियों को बच्चा बैंक ने बांटा पौष्टिक आहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो अक्तूबर गांधी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित टीबी अस्पताल में गोद लिए गए मरीजों को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से पौष्टिक आहार, विटामिन्स, प्रोटीन पाउडर और गुड़ चने का निशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री ने आहार बांटा। उन्होंने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक किया। कहा अगर टीबी का इलाज समय अवधि के भीतर दवा लेने से ठीक किया जा सकता है। समय पर दवा लेने और खानपान पर ध्यान देने से टीबी को दूर किया जा सकता है। जो मरीज लापरवाही करते हैं। उनके लिए बीमारी घातक सिद्ध होती है। उन्होंने आसपास सफाई रखने की अपील की। बच्चा बैंक के सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने कहा कि टीबी अभियान में ग्रुप स्वास्थ विभाग के सहयोग में लगा हुआ है। गत वर्ष टीबी के दस मरीज गोद लिए गए थे। इस बार आधा दर्जन मरीज गोद लिए गए हैं। कार्यक्रम में टीबी क्लीनिक के सरवर हुसैन, सानू, प्रभात समेत कई अन्य सहयोगी मौजूद थे।

## रानीगंज कैथौला बाजार में डेंगू ने दी दस्तक

### सफाई से बेखबर प्रशासन, दर्जन भर लोग हुए शिकार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र स्थित रानीगंज कैथौला बाजार में गंदगी के प्रकोप से डेंगू ने दस्त दे दी। लगभग दर्जन भर लोग बुखार से पीड़ित हो गए है। वहीं शिकायत के बाद भी जिम्मेदार साफ-सफाई की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। सरकारी अफसरों की लापरवाही की वजह से बाजार में चारो तरफ गंदगी ही गंदगी फैली हुई है।

इसे लेकर ग्रामीणों ने संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा भी जताया था, लेकिन प्रशासन ने समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया जिसका परिणाम यह है कि बाजार के सुनील केशरवानी पुत्र पन्ना लाल, प्राची, प्रगति पुत्री पिंटू केसरवानी, गौरव, सामर्थ व खुशी पुत्री शरद सोनी, मोती लाल, सुखी पुत्री जवाहर लाल, नीलम अग्रहरि पत्नी महेश समेत लगभग एक दर्जन लोगो ने बताया कि वह डेंगू की चपेट में आ गए हैं। बाजार वासियों ने इसे प्रशासन की लापरवाही की वजह बताया है। लोगों का कहना है कि शिकायत पर यदि प्रशासन सचेत हो जाता और गंदगी से पटी नालियों की सफाई के साथ कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करा देता तो शायद दर्जन भर लोग डेंगू की चपेट से बच जाते। इस संबंध में एडीओ पंचायत ने बताया की यह प्रधान की जिम्मेदारी है, लोग उन्हीं से बात करें।

### सफाई से एडीओ का नही कोई सरोकार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गावों में सफाई हो रही है कि नहीं, इससे एडीओ पंचायत जी से कोई सरोकार नहीं है। जब भी ग्रामीणों ने सफाई के बाबत शिकायत की तो वह ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी बताकर खुद जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है। वहीं गावों में तैनात सफाई कर्मचारी भी अधिकारी की मौन स्वविकृत पाकर गावों से गायब नजर आते है। आखिर इस तरह की मनमानी की शिकायत जब अधिकारी ही नजरंदाज कर रहे है तो ग्रामीण किसकी चौखट पर जाए?

## ग्रामीणांचल क्षेत्र मे धूम धाम के साथ मनाई गयी महान पुरुषो की जयंती

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यापर्ण कर हुआ ध्वजारोहण

अखंड भारत संदेश

**परियावां। प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में गांधी जयंती के पर्व पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला व आई एस बी ब्यास कुमार मौर्य अपने स्टॉफ के साथ ध्वजा रोहण करते हुए राष्ट्र गान के साथ पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और दोनो महान पुरुष को शत शत नमन करते हुए उनको याद किया।

इसी क्रम मे इंटर कालेज कालाकांकर मे प्रधानाचार्य कैप्टन शमशाद अहमद व डिग्री कालेज कालाकांकर मे प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव व प्रो रामकरन, राजभवन कालाकांकर मे मैनेजर डा घनश्याम यादव, मॉडल पब्लिक स्कूल मुरस्सापुर मे प्रधानाचार्य वकील अहमद, प्राथमिक विद्यालय सोनामऊ मे डा संजय शुक्ला ग्राम प्रधान सुरेश कुमार प्राथमिक विद्यालय परियावां प्रथम मे बिष्णु प्रसाद मिश्र,पूर्व माध्यमिक परियावां मे प्रधानाचार्य योगेशचन्द श्रीवास्तव, पंचायत भवन मिनी सचिवालय परियावां मे ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य, जे एम जी पब्लिक स्कूल कालाकांकर मे प्रधानाचार्य व चेयरमैन मुनीश शर्मा व वी एन शुक्ला, जनता इंटर कालेज आलापुर में प्रधानाचार्य दुर्ग विजय सिंह, महावीर सिंह लघु मा0 विद्यालय रजवापुर मे प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ओझा, नवाबगंज थाना परिसर मे थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी, मिनी सचिवालय बाजिदपुर मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रकाशचन्द त्रिपाठी, मिनी सचिवालय बरमौली मे ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी व ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य, केरावडीह में ग्राम प्रधान बुधई, झोकवारा मे संजीव सिंह व जनवामऊ मे ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल व पंचायत सचिव आफताब अहमद, पनिगो सचिवालय मे ग्रामप्रधान पप्पू चुडिहार व पंचायत सचिव प्रभांशु पांडे, मोहामिदपुर व शेषर्पु मे ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव अनुराग यादव, कड़रौ व रेवली, मधवापुर मिनी सचिवालय मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर पटेल,अमित कुमार व पंचायत सचिव राम प्रताप यादव,मिनी सचिवालय कालाकांकर मे ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह व पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर, ग्लोरियस इंग्लिस मीडियम स्कूल मुरस्सापुर मे प्रबंधक निजाम हसरत एस यू पब्लिक स्कूल मानिकपुर मे प्रधानाचार्य अशीक अहमद,छिंदौरा पंचायत सचिवालय मे ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह उर्फ. तालुकदार सिंह,मिनी सचिवालय अतौलिया मे ग्राम प्रधान ब्रजेश कुमार यादव व पंचायत सचिव शशिकान्त सिंह,मिनी सचिवालय मददुपुर व पिथनपुर ग्राम प्रधान अजय पटेल व गेंदलाल पटेल पंचायत सचिव श्रीराम,दयालपुर मे ग्राम प्रधान कुलदीप जायसवाल,मिनी सचिवालय कुसुवापुर मे ग्राम प्रधान बब्लू यादव पंचायत सचिव कु ज्योति यादव, अस्थान मे ग्राम प्रधान युवराज साहू, मिनी सचिवालय भददि० मे ग्राम प्रधान दीप शिखा सिंह व पंचायत सचिव सुशील कुमार जायसवाल, कालाकांकर पावर हॉउस में नोडल अधिकारी सुनील कुमार व शुभम सिंह ने ध्वजा रोहण के पश्चात राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। दोनो महापुरुषों की एक साथ जयंती होने पर चहुओर समुचा क्षेत्र गुलजार रहा।

## डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी बनी लोगों के लिए मुसीबत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर सहित आसपास के बाजारों में डग्गामार वाहन चालक की मनमानी के कारण लोगों की जान खतरे में दिखाई दे रही है , अपने फायदे के लिए जहां यात्रियों को चालक वाहन में ठूंस ठूंस कर बैठाते हैं वही उनकी जान के लिए वह मुसीबत भी बन जाते हैं। पट्टी चैक से ही इसकी शुरूआत हो जाती है वाहन चालक सवारियों को भरने के चक्कर में आपस में गाली गलौज मारपीट करना शुरू कर देते हैं । कई बार यात्रियों को वह जबरन बैठाने की कोशिश करते हैं मानक से ज्यादा सवारियां बैठ कर चलने से जहां उनकी जान को खतरा रहता है वही इस मामले में आरटीओ विभाग भी मौन धारण किए हुए हैं परिवहन विभाग के अधिकारी खामोश बने हुए हैं। कई ऐसी घटनाएं हुई है जब डग्गामार वाहनों से लोग गिरकर घायल भी हुए हैं। पट्टी नगर में आने जाने के लिए जनपद मुख्यालय प्रतापगढ़, पड़ोसी जनपद जौनपुर तथा सुल्तानपुर के चांदा तक की सवारियां आती जाती हैं। ढकवा मोड़ से चैक तक जब डग्गामार वाहन सवारियों को भरना शुरू करते हैं तो मानक से अधिक सवारियां भर लेते हैं।

### न बैच, ना जूते, ना वर्दी बिना लाइसेंस के भी चलते हैं वाहन चालक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वाहन चालकों की मनमानी इस कदर है कि आरटीओ विभाग की तरफ से जारी दिशा निर्देश की उन्हें बिल्कुल भी परवाह नहीं है। वाहन चालक लोग वर्दी भी धारण नहीं करते हैं ना तो जूता पहनते हैं कंडक्टर के लिए भी लाइसेंस की जरूरत होती है लेकिन बिना किसी लाइसेंस के कंडक्टर और ड्राइवर चलते हैं। कई बार तो महिलाओं का हाथ पकड़ कर वाहनों में बैठने के लिए ड्राइवर और कंडक्टर कोशिश करते हैं जिससे महिलाएं खुद को असहज महसूस करती हैं। डग्गामार बसें रिक्शा टेंपो पिकअप बिना कागज के चल रहे हैं। जिस पर विभाग मौन बना हुआ है और उनके इशारे पर बाजारों में चल रहे हैं जो राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन रहे है।

# मण्डलायुक्त ने नगर पालिका का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का किया सत्यापन

**मंडलायुक्त ने कहा कि जिन स्थानो पर कूड़ा एकत्र होता है, उन सभी स्थानों से 24 घण्टे के अन्दर कूड़ा उठान सुनिश्चित कर लिया जाय**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी विजय विश्वास पंत ने ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व पखवाड़ा के तहत नगर पालिका परिषद मंझनपुर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का सत्यापन कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने राम वाटिका के पास कूड़ा एकत्र स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था के अवलोकन के दौरान अधिशासी अधिकारी से कहा कि जिन स्थानो पर कूड़ा एकत्र होता है, उन सभी स्थानों से 24 घण्टे के अन्दर कूड़ा उठान सुनिश्चित कर लिया जाय। मण्डलायुक्त ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के एम0आर0एफ0 सेन्टर (सूखा कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र) के निरीक्षण के दौरान कूड़ा प्रबन्धन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि ठोस व गीला कूड़ा को अलग कर प्रबन्धन किया जा रहा है। उन्होंने लॉगबुक न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए लॉगबुक बनाने तथा लॉगबुक में पूर्ण विवरण अंकित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को कूड़ा प्रबन्धन के कार्यों की विस्तृत जॉच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मलती रह गई पिपरी पुलिस हाथ! और इधर कोखराज पुलिस ने बजा दिया डंका

अखंड भारत संदेश

**7 महीने बीत जाने के बाद भी लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास न करने वाली पिपरी पुलिस के कारनामो की जांच किए जाने की जरूरत**

**कौशाम्बी।** सात महीने पहले 15 फरवरी 2023 को पिपरी थाना क्षेत्र के तेवारा मोड़ ईट भट्ठे के पास हुई लूट के खुलासे में पिपरी पुलिस की लापरवाही जग जाहिर है हालांकि इस लूट कांड का खुलासा शनिवार को कोखराज पुलिस ने करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5100 रुपए की रकम भी बरामद कर ली है लेकिन सवाल उठता है कि पिपरी थाना क्षेत्र के अपराधियों ने पड़ोसी थाना एयरपोर्ट क्षेत्र के लोगों के सहयोग से लूट की घटना को अंजाम दिया था लेकिन अपने थाना क्षेत्र के ही अपराधी को गिरफ्तार करने में पिपरी पुलिस हाफ रही थी या फिर पिपरी पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले लोगों के सामने हथियार डाल दिए थे जिससे लूट की घटना का 7 महीने बाद भी पिपरी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी यह तो बडी जांच का विषय है 7 महीने तक पिपरी पुलिस लूट की घटना के खुलासा में किस हद तक लापरवाह बनी रही कि घटना में शामिल लोग इलाके में देखे जाते थे और पिपरा पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी शनिवार को कोखराज पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है कोखराज पुलिस के खुलासे के बाद पिपरी पुलिस के कार्यों पर एक बार फिर बडे सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस द्वारा लूट की घटना के 03 वांछित अभियुक्तों अमन सिंह शुभम सिंह निवासी थाना एयरपोर्ट और यश सिंह निवासी कदिलपुर थाना पिपरी को अवैध दो तमंचा कारतूस वा दो बम 5100 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया है सात महीने पहले 15 फरवरी को तेवारा मोड़ ईट भट्ठे के पास हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान में गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्थान मुख्यालय पर 2 अक्टूबर को संस्थान अध्यक्ष देशराज जायसवाल द्वारा गांधी प्रतिमा पर एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्ज्वलित करके दोनों महापुरुषों की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई इस कार्यक्रम में सबसे पहले समस्त स्टाफ एवं सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और यह भी बताया गया कि जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पूरा जीवन देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित था वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का नारा जय जवान जय किसान भी देश को आत्मनिर्भर करने का ही आवाहन था उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसात्मक आंदोलन स्वदेशी चरखा के माध्यम से देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया था बस जरूरत है आज ऐसे महापुरुषों के आत्मनिर्भर विचारों तथा जीवन मूल्यों को अपने में आत्मसात करने की उन्होंने कहा कि हर एक नागरिक को यह सपना होना चाहिए कि स्वच्छ हों संपूर्ण भारत को स्वच्छ हो संपूर्ण भारत अपना है बापू के सपने को साकार करना है स्वच्छ भारत बनाना है आज हम 2 अक्टूबर को प्रतिज्ञा लेते हैं कि हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ बनाएंगे और देश के प्रत्येक कोने को स्वच्छ रखेंगे तभी स्वच्छ भारत बनने का साकार होगा ना फैलाएंगे कूड़ा कचरा 2 अक्टूबर को स्वच्छता का यही बिगुल बजाना है इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी राजू शुक्ला वैशाली करिश्मा रूपा हिमांशु सूरज कल्पना ज्योति आकाश सविता शिवानी आदि प्रतिभागी मौजूद रहे

### हिंदू धर्म में छुआछूत की कोई जगह नहीं, चायल में निकली हिंदू जागरण मंच की शोभा यात्रा, बैठक संपन्न




**कौशाम्बी।** हिंदू धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो मानवता और जियो और जीने दो विचार को लेकर आगे बढ़ता है यह एकमात्र ऐसा धर्म है। जिसने अभी तक पूरे विश्व में उनके नाम पर कत्ले आम नहीं किया यही इस धर्म की सबसे महानता है कि इसने सभी को जो भी विदेश से आए उनको अपने में समाहित किया, लेकिन आज दूसरे देश द्वारा पैसों से देश में हिंदू को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। जातियों के नाम पर हिंदुओं को आज तोड़ने के लिए शादी से चल रहे हैं।इसलिए हम सभी को पूरी तरह से एकजुट होकर अपने धर्म के लिए संघर्ष करना चाहिए। हिंदू धर्म में छुआछूत की अब कोई जगह नहीं है ऐसा हम सभी को आज से शपथ लेकर इस दिशा में काम करना चाहिए। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने चायल में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों को आपसी समरसता को बढ़ाते हुए भाइयों को एकजुट होने का आवाहन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश बचा है जहां हम बहुत संख्या के रूप में है। इसके पहले कई बार भारत को तोड़ा जा चुका है। वह भी धर्म के नाम पर इसलिए जब-जब भारत में हिंदुओं की संख्या घटी है तब तब भारत देश को टुकड़े में बांटा गया है। चाहे वह देश इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश इसके उदाहरण हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज जिले में चंगाई सभाएं चलाकर विदेश से आए पैसों से आईसाइट को बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ जिले में लव जेहाद, लैंड जेहाद के तहत हिन्दू धर्म की बेटियों तथा जमीनों पर साजिश के तहत कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हिंदू उत्पीड़न की घटनाएं हिंदू जागरण मंच सड़क पर उतरकर हिंदुओं की लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस मौके पर प्रमुख रूप से संगठन के चायल अध्यक्ष राजू पासी, वेद प्रकाश पाण्डेय, शिखर मिश्रा, रजत जी, सर्वेश पटेल, हर्षित मिश्रा, घनश्याम वर्मा, हरी पासी, महाजन, रामबाबू मिश्रा, संजय पासी, योगेंद्र, सुरेश कुमार साहू, दीपक, अमन साहू, हिमांशू, शुभम, मुकेश, मानू सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चंगाई सभा में छापा मची अफरातफरी

अखंड भारत संदेश

**कोखराज व मंझनपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर रविवार को चल रही चंगाई सभा में पुलिस ने की थी छापेमारी**

**कौशांबी।** कोखराज व मंझनपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर रविवार को चल रही चंगाई सभा में पुलिस ने छापेमारी की तो अफरातफरी मच गई। धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई की थी। छापामारी में कोखराज पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के बालकमऊ गांव के संतलाल के घर रविवार को चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। जहां पर महिलाओं के साथ बच्चे मौजूद थे। बताया जाता है कि सभा की आड़ में महिलाएं गांव की महिलाओं को धर्म परिर्वतन के लिए प्रेरित कर रही थी इसकी जानकारी किसी ने कोखराज पुलिस को दी। सूचना पर सिघिया चौकी पुलिस सभा में पहुंची तो अफरातफरी मच गई। पुलिस को देख एक-एक कर सभी महिलाएं व बच्चे गायब हो गए। जिसके घर में सभा का आयोजन हुआ था वह भी गायब था। इस दौरान पुलिस ने एक युवती को हिरासत मे ले लिया है। इसी तरह मंझनपुर पुलिस ने टेवां गांव में चल रही चंगाई सभा में छापेमारी की तो भगदड़ मच गई है। हालांकि इस दौरान यहां पुलिस को कोई नहीं मिला लेकिन बाद में पुलिस चंगाई सभा करने वालों के तलाश में नहीं गई है बीते कई वर्षों से यह खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है और जब पुलिस जाती है तो लोग फरार हो जाते हैं बाद में पुलिस मामले को ठंडा बस्ते में डाल देती है। कोखराज इंस्पेक्टर विनोद कुमार मौर्या ने बताया कि एक युवती को पुलिस हिरासत में लिया गया है। यदि कोई तहरीर देता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया तथा महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम, उप जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन मूल्यों एवं दर्शन पर प्रकाश डाला गया तथा महात्मा गांधी के प्रिय भजन-ह्यह्यवैष्णव जन तो तेने कहियेह्यह्य एवं ह्यह्यरघुपति राघव राजा रामह्यह्य का गायन किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गॉधी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा हैं। महात्मा गॉधी ने देश एवं विश्व को संदेश दिया कि बिना हिंसा के भी देश को आजादी दिलायी जा सकतीं हैं। हम सबको महात्मा गॉधी के आदर्शों सिद्धान्तों एवं दर्शन का अनुसरण करना चाहिए महात्मा गॉधी ने सभी को साथ लेकर देश को एकता के सूत्र में बॉधा, जिसका परिणाम है कि भारत आजादी के इतने वर्ष बाद आज भी एकजुट है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी भरा जीवन है, उनका देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि कहा कि देश के स्वतन्त्रता सेनानियों ने सपना देखा था, कि देश में अन्तिम से अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी खुश एवं उसके चेहरे पर मुस्कान बनी रहें, हम लोग शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने का कार्य निरन्तर करते रहें, यही स्वतन्त्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने अपने सम्बोधन के दौरान वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि हम सब लोगों को महात्मा गॉधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों को अपनाना चाहिए। महात्मा गॉधी सत्य एवं अंहिसा के पुजारी थे तथा सामाजिक सद्भाव एवं स्वच्छता का संदेश दिया प्रधानमंत्री के आवाह्न पर महात्मा गॉधी की जयन्ती पर स्वच्छता पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हम सब लोगों को अपना कार्य ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठता के साथ करना चाहिए। जनपद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा कार्यालयां, विद्यालयों व अन्य संस्थाओं में पूज्य बापू महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही महात्मा गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, जीवन-मूल्यों, अन्त्योदय की अवधारणा तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता पर प्रकाश डाला गया गोष्ठी को अंगद सिंह भानु प्रताप सिंह ने महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शो, सिद्धान्तों एवं जीवन-दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं में मनाई गई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज एवं एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को अहिंसा के पुजारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया गया संस्थान के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भारतवर्ष की इन महान हस्तियों को नमन किया और स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सफाई व्यवस्था में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना श्रमदान दिया। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि हर साल देश में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी 3भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आज महात्मा गांधी को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाता है। गांधी जयंती हमें बापू के आदर्शों की याद दिलाती है। बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया वही लाल बहादुर शास्त्री जो एक सामान्य परिवार में पैदा हुए और जब वह देश के प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे तब भी वह सामान्य ही बने रहे। उन्होंने रेलवे और परिवहन मंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्री के रूप में भी कार्य किया। इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा दीपक खरवार शैलेंद्र सिंह नितेश रणजीत सिंह सचिन त्रिपाठी नारायण मधुबन सौरभ सिंह शशांक श्रीवास्तव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## धर्मा देवी कालेज में मनाई गयी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरण त्रिपाठी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयीं।ततपश्चात विद्यालय में छात्र छात्राओं के मध्य निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी रामशंकर सिंह आदित्य कुमार द्विवेदी अमित त्रिपाठी धनवन्तरि कुमार रमाकान्त शर्मा आदि शिक्षक एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में किया गया गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम स्कूल भरवारी में प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर दोनो महान नेताओं को याद किया।निदेशक संदीप सक्सेना ने भी दोनो महान व्यक्तित्व को जन्मदिन के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि एक ने हमें अंग्रेजों से लड़ने की राह दिखाई तो दूसरी सादगी की मिसाल बनी। उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के योगदान को अपने निजी जीवन में धारण करने की सलाह देते हुए उनके पद चिन्हों और विचारों पर चलने की जरूरत पर जोर दिया। इस अवसर पर अनेक शिक्षकों ने गांधी जी और शास्त्री जी के कथनों को कविता और लेख के माध्यम से उनके विचारों को प्रस्तुत किया।सभी शिक्षकों ने भी गांधी जी एवं शास्त्री जी के फोटो पर माल्यार्पण कर उनके विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### गांधी जी के साथ लाल बहादुर के जन्मदिन को भूले सीओ सिराथू



**कौशाम्बी** गांधी जयंती के दिन है देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन है 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी जयंती मनाई जाती हैं क्षेत्राधिकारी सिराथू ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया है लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को सीओ सिराथू भूल गए कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री का चित्र भी नही रक्खा गया केवल महात्मा गांधी के चित्रों में माल्यार्पण किया।

## सल्लाहपुर चौकी के नजदीक क्षत विक्षत स्थिति में पड़ा मिला मानव पैर

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अधेड़ का क्षत विक्षत शव सोमवार की सुबह पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर चौकी के नजदीक सड़क किनारे मानव पैर क्षत विक्षत स्थिति में पड़ा मिला है, जबकि भारी वाहन के चढ़ने से बॉडी का अन्य पार्ट सड़क पर पूरी तरह से चिपक गया है। मानव अंग मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर सल्लाहपुर चौकी पुलिस पहुंचकर लाश को कब्जे में लेने के बाद लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा निवासी संतोष पुत्र मोतीलाल की पत्नी का छह माह पहले देहांत हो चुका है पत्नी के देहांत होने के बाद संतोष का मानसिक संतुलन खराब हो गया था सोमवार की रात घूमते टहलते संतोष पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर चौकी के नजदीक पहुंच गया आते जाते किसी वाहन की चपेट में वह आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है। मौत की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचकर पहचान किए। पोस्टमार्टम के बाद सल्लाहपुर चौकी पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए लाश परिजनों को सौंप दिया।

## शव दफनाने को लेकर दो वर्गों में विवाद

**कौशाम्बी।** जिलें में शव को दफनाने को लेकर दो वर्गों में विवाद हो गया, मुस्लिम समुदाय के लोग शव को दफनाने का विरोध कर रहे थे,जिसके बाद बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता पहुंच गए, विवाद को देखते हुए घटनास्थल पर करारी थाना पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद पुलिस की अभिरक्षा में शव को दफनाया गया। मामला करारी थाना क्षेत्र के चक हिंगूई का है जहा वंदना पत्नी वीरेंद्र सरोज वंदना की मृत्यु हो गई थी, गांव में बाग के पास शव को दफनाया जा रहा था,तभी मुस्लिम पक्ष के लोग पहुंच कर विरोध करने लगे और सामान इधर-उधर फेंकने लगे, इसी को लेकर विवाद होने लगा,सूचना पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। उसके बाद मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस फोर्स भी भारी मात्रा में पहुंच गई और पुलिस के समझाने बुझाने के बाद पुलिस की अभिरक्षा में शव को दफनाया गया।

# जय जवान जय किसान मंच ने गांधी शास्त्री की जयंती पर पैदल मार्च निकालकर मनाई जयंती

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जय जवान जय किसान मंच के तत्वाधान में एक साधारण और शांति पैदल मार्च चायल तहसील से शुरू होकर पिरई तिल्हापुर मोड पर समाप्त हुआ जय जवान जय किसान मंच के सैकड़ो नौजवानों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया बैठक में संगठन के संयोजक तथा चायल विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशील जयहिन्द ने अपने विचार रखें उन्होंने कहा की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करने वाले अहिंसा के पद पर चलने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आंदोलन सिर्फ इसलिए किया था की आम जनता को स्वास्थ्य शिक्षा न्याय मिले और हम अपनी सरकार का चयन करें हम सफल हुए सरकार का चयन करने में हम सफल हुए अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति पाने में लेकिन हम पूरी तरह से असफल हो गए आम जनमानस को स्वास्थ्य शिक्षा न्याय दिलाने में आज हर व्यक्ति बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों की तरफ ना जाकर प्राइवेट नर्सिंग होम की तरफ भाग रहा है क्योंकि सरकारी हॉस्पिटल से उसका विश्वास उठ गया है हर व्यक्ति सरकार के द्वारा दी जा रही सरकारी शिक्षा की तरफ ना जाकर प्राइवेट शिक्षा में जाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ठोकरे खा रहा है। उन्होंने कहा कि हम आजाद हुए हैं हमने सरकार का चयन किया है मगर आज भी मेरे देश की जनता अपने मौलिक अधिकारों से वंचित है शासन और प्रशासन जनता की समस्याएं जनता की परेशानियों पर ध्यान नहीं देते हैं गांधी जयंती के मौके पर हम लोगों को शपथ लेनी होगी कि हम सब लोग अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के नीचे संगठित होकर इस बात का संकल्प लें कि हम लोग आपस में जातिवाद क्षेत्रवाद धर्मपंथ के खिलाफ राष्ट्रवाद को अपनाकर इंसानियत के रास्ते पर चलेंगे सभा में अमित पांडे शरद चंद्र राय ने भी अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन विपिन सिंह पटेल ने किया पैदल मार्च का संचालन भारत पटेल मनीष पटेल महेंद्र पाल अभिषेक सिंह ने किया बैठक में सुरेंद्र सरोज गजराज सिंह यादव धनश्याम शिवलाल दीनानाथ पाल देवराजपाल आशीष त्रिपाठी कासिम कुरैशी हरकेश शर्मा दिनेश केसरवानी दिलीप अग्रहरि ज्ञान सिंह पटेल कुलदीप पटेल मनीष पटेल दयाराम पटेल अजय बाबा संजीव अंशु पटेल कुलदीप पटेल रिशु राठौर रवि पटेल नीरज कुशवाहा राकेश कुशवाहा संजय कुशवाहा आदि लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई जन गण मन की शुरूआत से कार्यक्रम की शुरूआत की और समापन वंदे मातरम के साथ किया।

# वृद्धावस्था को सजा नहीं, रचनात्मक मजा बनाये

## संपादक की कलम से

## सार्वभौम घोषणा पत्र की अमृत बेला में राष्ट्रपति की मानवाधिकारोंकी गुहार

**एशिया** प्रशांत मानव अधिकार मंच के दिल्ली सम्मेलन में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि थीं. वह सरल महिला हैं और वह भारत के अमृतकाल में महिलाओं के साथ एक ऐसे समुदाय को भी रीप्रेजेंट करती हैं जो अब सशक्त है. वह खुद इसकी मिसाल हैं. यह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकारों के सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगाँठ का भी क्षण है. भारत की राष्ट्राध्यक्ष इस मौके पर आकर यह जतला दीं कि भारतीय लोकतंत्र ने वास्तव में सार्वभौम घोषणा पत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था का संविधान के आलोक में सम्मान किया है और हमें ऐसे गणराज्य का राष्ट्राध्यक्ष होने का सौभाग्य मिला है.महत्त्वपूर्ण बात यह है कि राष्ट्रपति ने मानवाधिकारवादियों की इस दिल्ली महासभा में जो बातें की वह नैरन्तर्य की छटपटाहट वाले समाज को और दिशा देने वाली हैं. राष्ट्रपति ने कहा कि जब मानव अधिकारों की बात होती है, तो मुझे ऐसी अवधारणा के बारे में बात करने में प्रेरणा मिलती है जो मेरे सार्वजनिक जीवन में हमेशा शामिल है, गतिशील है,और मेरे दिल के काफी करीब रही है. जैसे-जैसे मानव जाति नैतिक और आध्यात्मिक रूप से तरक्की करती है, मानव अधिकार की परिभाषा और विकसित हो जाती है.मुझे इस बात से बड़ी संतुष्टि मिलती है कि यह अवधारणा भारतीय सभ्यता में गहराई से जुड़ी है. दुनिया ने इसकी पहली झलक तब देखी, जब लगातार दो विश्व युद्धों के कारण हुए भारी विनाश के बाद, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की शुरूआत में 'सभी मनुष्य स्वतंत्र पैदा हुए हैं और समान हैं' का सूत्रपात किया. राष्ट्रपति ने भारत के प्रतिनिधित्व को स्मरण किया हंसाबेन मेहता को स्मरण किया जिनकी मानवाधिकारों की अवधारणा'सभी मनुष्य स्वतंत्र पैदा हुए हैं और समान हैं' कीसमेकितपरिवर्तन की अधिकारों वालीअवधारणा थी.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सनातन सभ्यता को जानती हैं. वह इसके उत्कृष्टता कोउसी आलोक से प्रतिबिंबित समाज-संस्कृति और विकृति को समझने की कोशिश करती भी हैं. इसीलिए उन्होंने लगभग 26 देशों वाले समूह एशिया पेसिफिक मंच पर यह कहा भी कि मनुष्य अच्छा निमार्ता है और विध्वंसक भी है. वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, यह ग्रह छठे विलुप्त होने के चरण में प्रवेश कर चुका है जहां मानव द्वारा किया जा रहा विनाश नहीं रोका गया तो न केवल मानव जाति बल्कि पृथ्वी पर अन्य जीव भी नष्ट हो जाएंगे. इस संदर्भ में, मैं आपसे आग्रह करती हूँ कि मानव अधिकारों के मुद्दे को अलग मानकर नहीं चले और प्रकृति की देखभाल पर भी उतना ही ध्यान दें, जो मानव द्वारा अविवेकपूर्ण उपयोग से बुरी तरह आहत है. भारत का मानना है कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण दिव्यता से भरा है. इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, आइए, हम प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाएं. दरअसल, विनाश के मोहने पर बैठे एशिया के विभिन्न देश प्रकृति की अविरल ऊर्जा का ह्रास होते देखकर भी खुद के आनंद में खोये हुए हैं और भौतिकवादी सोच से अपनी प्रकृति के साथ कुछ ऐसा कर रहे हैं जिससे हमारी पृथ्वी की शांति खोने जा रही है. हमारा आकाश और हमारे जलवायु पर भरी संकट है. हमारे समुद्र में हलचल जो थी, उसके भी स्वस्थ्य खराब हो रहे हैं. राष्ट्रपति निश्चय ही अन्याय व विध्वंस की रह पर चलने वाले समाज को खींचकर एक ऐसे पथ पर लाने की गुहार लगायी हैं जिससे हमारी सभ्यता बाख जाए और मानवाधिकारों की सबको सामान रूप से प्राप्ति हो. उन्होंने चौकाने वाले कुछ तथ्य रखे जो दुनिया के सभी मानवाधिकार के पैरोकार कदाचित नहीं जानते।

---

**- ललित गर्ग -**

**अंतरराष्ट्रीय** वृद्ध दिवस जिसे बुजुर्ग दिवस, वरिष्ठ नागरिक दिवस, प्रौढ़ दिवस अथवा वृद्धजन दिवस भी कहा जाता है, प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने, उनके वार्धक्य को सुखद बनाने एवं उनके सम्बन्ध में चिंतन करने के लिये मनाया जाता है। आज का वृद्ध समाज अत्यधिक कुंठाग्रस्त एवं उपेक्षित है और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व ही देता है। इस प्रकार अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण हमारा वृद्ध समाज सर्वाधिक उपेक्षित, दुःखी, प्रताड़ित रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है। इस दिशा में ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए 14 दिसम्बर, 1990 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया और 1 अक्टूबर, 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसके बाद से इसे हर साल इसी दिन मनाया जाता है।



प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। इसीलिए तो मनुस्मृति में कहा गया है कि-ह्लजब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर की त्वचा शिथिल या ढीली पड़ गई है, बाल पक गए हैं, पुत्र के भी पुत्र हो गए हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिए, क्योंकि वहीं वह अपने को मोक्ष-प्राप्ति के लिए तैयार कर सकता है।ह्व

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।ह्व फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है। कहावत भी है कि खालीपन सजा भी है और मजा भी है। यह वृद्धावस्था को प्राप्त लोगों पर ही निर्भर है कि वे खालीपन में मजा ले रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं या उसे सजा बना रहे हैं। एकान्त या खालीपन विडम्बना ही नहीं है, बल्कि एक दुर्लभ उपलब्धि है। एकांत का बहुत गहरा आध्यात्मिक महत्व है, वर्तमान युग में हर एक को एकान्त मिलना मुश्किल है। उम्र प्राप्त लोगों को एकान्त या खालीपन अधिक सुलभ है तो वह उसका रचनात्मक, सृजनात्मक एवं आध्यात्मिक उपयोग कर उसे अपना साथी बनाये। गार्डन में जो वृद्ध जाते हैं, आसन-प्राणायाम-योग करते हैं, वे शांत-एकान्त वातावरण में बैठकर अपने अनुभवों का लेखन भी कर सकते हैं, वृद्धों के पास अनुभवों का खजाना होता है। कई वृद्ध अस्पताल में जाकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं। धर्म की जड़ पाताल में और पाप की जड़ अस्पताल में, यह साक्षात अनुभव कर अपने वृद्धावस्था को उपयोगी बनाया जा सकता है।

विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है? हकीकत तो यह है कि वर्तमान पीढ़ी अपने आप में इतनी मस्त-व्यस्त है कि उसे वृद्धों की ओर ध्यान केन्द्रित करने की फुरसत ही नहीं है। आज परिवार के वृद्धों से कोई वातार्लाप करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना, उनकी सुनना, कोई पसन्द ही नहीं करता है. जब वे उच्छृखल, उन्मुक्त, स्वछंद, आधुनिक व प्रगतिशील युवाओं को दिशा-निर्देशित करते हैं, टोकते हैं तो प्रत्युत्तर में उन्हें अवमानना, लताड़ और कटु शब्द भी सुनने पड़ जाते हैं। इन्हीं त्रासद स्थितियों को देखते हुए डिजरायली ने कहा था कि यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चात्ताप।ह्व

कटू सत्य है कि वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरूआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। इसीलिये सिसरो ने कामना करते हुए कहा था कि जैसे मैं वृद्धावस्था के कुछ गुणों को अपने अन्दर समाविष्ट रखने वाला युवक को चाहता हूं, उतनी ही प्रसन्नता मुझे युवाकाल के गुणों से युक्त वृद्ध को देखकर भी होती है, जो इस नियम का पालन करता है, शरीर से भले वृद्ध हो जाए, किन्तु दिमाग से कभी वृद्ध नहीं हो सकता।ह्व वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति की जरूरत है। अपेक्षा इस बात की भी है कि वृद्ध भी स्वयं को आत्म-सम्मान दें। जेम्स गारफील्ड ने वृद्धों से अपेक्षा की है कि यदि वृद्धावस्था की झुरियां पड़ती है तो उन्हें हृदय पर मत पड़पे दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने हो।ह्व एक आदर्श एवं संतुलित समाज व्यवस्था के लिये अपेक्षित है कि वृद्धों के प्रति स्वस्थ व सकारात्मक भाव व दृष्टिकोण रखे और उन्हें वेदना, कष्ट व संताप से सुरक्षित रखने हेतु सार्थक पहल करे। वास्तव में भारतीय संस्कृति तो बुजुर्गों को सदैव सिर-आँखों पर बिठाने और सम्मानित करने की सीख देती आई है। अगर परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण पोषण को तरस रहे हैं, तो यह हमारे लिए लज्जा का विषय है। वृद्धों को ठुकराना, तरसाना, सताना, भर्त्सनीय भी है और अक्षम्य अपराध भी। सामाजिक मयार्दा, मानवीय उद्घोष व नैतिक मूल्य हमें वृद्धों के प्रति आदर, संवेदना व सहानुभूति-प्रदाय की शिक्षा देते हैं। यथार्थ तो यह है कि वृद्ध समाज, परिवार और राष्ट्र का गौरव है।

---

## तमिलनाडु में मंदिर हथियाने की साजिश सुप्रीम कोर्ट ने रोकी

**के. विक्रम राव**

तमिलनाडु में सनातनी देवालयों में अनधिकृत सरकारी हस्तक्षेप पर फिर एक बार सर्वोच्च न्यायालय ने प्रतिबंध लगा दिया है। इसी सप्ताह (25 सितंबर 2023) द्रमुक सरकार के अनीश्वरवादी मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के विवादित आदेश पर शीर्ष अदालत ने रोक लगा दी है। यह न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना तथा न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश का आदेश था। द्रमुक शासनादेश के तहत नास्तिक भी मंदिर में अर्चक (पुजारी) नियुक्त हो सकता था। वंशानुगत अर्चक प्रणाली को खत्म कर दिया गया था। जबकि हिंदू आगम परंपरा के नियमानुसार ही समस्त धार्मिक नियुक्तियां होनी चाहिए।

ऐसा तमिलनाडु में दूसरी बार हुआ है। स्टालिन के पिता एम. करुणानिधि ने 1971 में भी तमिलनाडु हिन्दू धार्मिक अधिनियम को निरस्त कर वंशानुगत नामकरण की व्यवस्था को समाप्त कर डाला था। करुणानिधि को प्रेरणा उनके गुरु ई. रामास्वामी नायक्कर से मिली थी, जो हिन्दू मंदिरों को ध्वंस करने मे आगे रहते थे। स्टालिन को यह आदेश उस धर्म-विरोधी सिलसिले का ही तार्किक फल है जिसके तहत पूरे द्रमुक शासन ने सनातन धर्म पर खुला हमला बोला था।

मद्रास हाईकोर्ट ने सर्वप्रथम द्रमुक की राजाज्ञा पर रोक लगा दी थी। उसके विरुद्ध स्टालिन सरकार सर्वोच्च न्यायालय गई थी। आस्थावानों ने द्रमुक शासन के विरुद्ध अभियान चलाया था। तिरूचिरापल्ली-स्थित श्रीरंगम देवालय ने मद्रास हाईकोर्ट में पहले याचिका दायर की थी। यह मंदिर स्वयं-व्यक्त क्षेत्र का प्रमुख विष्णु आस्थास्थल है। यूनेस्को के अनुसार यह विश्व का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है। मद्रास हाईकोर्ट ने स्टालिन सरकार के विरुद्ध निर्णय दिया था।

साढ़े छः लाख वर्ग मीटर में निर्मित श्रीरंगम मंदिर कावेरी तथा कोल्लिदम नदियों के संगम पर बना है। एशिया का सबसे ऊंचा गोपुरम यहां है। विजयनगर के अच्युतदेव राय के राजकाल में यह स्थापित किया गया था। चोल सम्राट धर्मावलोचन ने इसका विस्तार किया था। तिरुपति के समकक्ष रहा। चार सदियों पुराना। रामानुजाचार्य (ग्यारहवीं सदी में) यहां पधारे थे। ब्रह्मसूत्र की रचना उन्होंने की थी। विशिष्टादैत के वे प्रतिपादक थे। स्वयं भगवान राम ने यहां आराधना की थी। अर्थात इतने प्राचीन, गौरवमय और पुनीत आस्थाकेद्रों को द्रमुक की नास्तिक सरकार ध्वस्त करना चाहती है। अतः सर्वोच्च न्यायालय का अंतरिम निर्देश कई मायनों में ऐतिहासिक है। सनातनी केन्द्रों पर लौकिक शासन द्वारा नियंत्रण का विरोध किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में तमिलनाडु में आगमिक मंदिरों में अर्चकों (पुजारी/प्रीस्ट) की नियुक्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। यूं मद्रास हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने भी अगस्त 2022 में तमिलनाडु हिंदू धार्मिक संस्थान कर्मचारी (सेवा की शर्तें) नियम, 2020 को इस प्रकार व्याख्या की थी कि अर्चकों/पुजारियों की योग्यता और नियुक्तियों के संबंध में नियम आगम के अनुसार निर्मित मंदिरों पर लागू नहीं होंगे। नियमों के मुताबिक, अर्चकों के लिए एक साल के सर्टिफिकेट कोर्स की योग्यता निर्धारित की गई है। अगर कोई अर्चक कई वर्षों से पूजा-पाठ कर रहा है तो भी नियमों के तहत सर्टिफिकेट के अभाव में वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा। हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार, चूंकि अनागमिक मंदिरों के अपने रीति-रिवाज और उपयोग हैं, केवल उन संप्रदायों के व्यक्तियों को, जिन्होंने पारंपरिक रूप से पूजा की है, अर्चक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

परम्परा से आये हिन्दू धर्म के आगम महत्वपूर्ण ग्रन्थ हैं। ये वेद के सम्पूरक हैं। इनके वक्ता प्रायः शिवजी होते हैं। यह शास्त्र साधारणतया 'तंत्रशास्त्र' के नाम से प्रसिद्ध है। निगमागममूलक भारतीय संस्कृति का आधार जिस प्रकार निगम (=वेद) है, उसी प्रकार आगम (=तंत्र) भी है। दोनों स्वतंत्र होते हुए भी एक दूसरे के पोषक हैं। निगम कर्म, ज्ञान तथा उपासना का स्वरूप बतलाता है तथा आगम इनके उपायभूत साधनों का वर्णन करता है। 'महानिर्वाण तंत्र' के अनुसार कलियुग में प्राणी मेध्य (पवित्र) तथा अमेध्य (अपवित्र) के विचारों से बहुधा हीन होते हैं और इन्हीं के कल्याणार्थ महादेव ने आगमों का उपदेश पार्वती को स्वयं दिया। इसीलिए कलियुग में आगम की पूजापद्धति विशेष उपयोगी तथा लाभदायक मानी जाती है : कलौ आगमसम्मतः।

सुप्रीम कोर्ट को अखिल भारतीय आदिशैव शिवाचार्यर्गल सेवा एसोसिएशन' की ओर से उपस्थित सीनियर एडवोकेट गुरुकृष्ण कुमार ने बताया था कि हाईकोर्ट के प्रतिबंध वाले फैसले के बावजूद राज्य सरकार नियुक्तियां कर रही है। उन्होंने कहा : ह्लराज्य ऐसे आगे बढ़ रहा है जैसे कि मद्रास डिवीजन बेंच ने कोई आदेश ही न दिया हो।ह्व उन्होंने कहा : ह्लतमिलनाडु में लगभग 42,500 मंदिर हैं और आगमिक मंदिर इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम हैं। जहां तक अनागमिक मंदिरों का सवाल है, हमें कोई शिकायत नहीं है।ह्व

हिंदू मंदिरों के विषय में एक मसला कई बार उठ चुका है। केरल की मार्क्सवादी सरकार ने तो पद्नाभ मंदिर की संपत्ति को हथियाकर बस स्टैंड तथा सड़क निर्माण में लगाने की योजना बनाई थी। अर्थात मुद्दा यह उठाना चाहिए।

---

## दवाब के बाद कनाडा का यू टर्न

**सुनील कुमार महला**

**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाने के बाद अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के तेवर नरम पड़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। हाल ही में, कनाडा और भारत के बीच तल्ख होते रिश्तों के बीच अब बदलाव के संकेत देखने को मिल रहे हैं। मीडिया के हवाले से यह पता चलता है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने अब यह बात कही है कि भारत व कनाडा के बीच रिश्ते काफी पुराने हैं और यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ रिश्तों का अपना महत्व है और कनाडा रिश्तों को बेहतर बनाएगा। इस मामले में कनाडा काफी गंभीर है। वैसे कनाडा पर हर तरफ से दबाब भी इन दिनों बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क ने हाल ही में कनाडा सरकार की दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर यह कहा है कि जस्टिस अभिव्यक्ति की आजादी को दबा रहे हैं। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क स्पेसएक्स के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपतियों में से एक हैं। मस्क ने टूडो सरकार की आलोचना की है। यहां यह बात महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय है कि कनाडा के एक आदेश के तहत सभी ऑनलाइन स्टीमिंग सेवाओं को आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराने का आदेश दिया है ताकि सरकार उस पर रेगुलेटरी कंट्रोल कर सके। वास्तव में कनाडा सरकार के इस आदेश की जमकर आलोचना की जा रही है। पत्रकार और लेखक ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उन्होंने यह लिखा कि कनाडा सरकार दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर आई है। वास्तव में इसके तहत सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं, जिनमें पॉडकास्ट होता है, उन्हें आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराना होगा, जिससे सरकार ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं पर रेगुलेटरी नियंत्रण कर सके। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है कि कनाडा की टूडो सरकार पर बोलने की आजादी के हनन का आरोप लगा हो। इससे पहले भी फरवरी वर्ष 2022 में भी टूडो सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था और यह कनाडा के इतिहास में पहली घटना थी। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कोरोना वैक्सीन को लेने की अनिवार्यता के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया था और उस समय इसे लेकर पूरे कनाडा में बहुत हंगामा हुआ था।

तब हालात को नियंत्रित करने के लिए कनाडा सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में अपने अमेरिकी दौरे के दौरान यह बात कही थी कि कनाडा एक ऐसा देश बन गया है जहां भारत से संगठित अपराध, लोगों की तस्करी के साथ ही, अलगाववाद और हिंसा का मेल है।एस जयशंकर ने यह बात कही है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने जिस तरह निजी और सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाया वो ठीक नहीं था।

---

## भाजपा को अगले चुनाओं में तेलंगाना से क्यों हैं इतनी उम्मीदें ?

**तेलंगाना** में इस साल होने वाले चुनाव से पहले सियासी पारा गर्म हो चुका है। सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे को घेरने में लगे हैं। जैसे कि एक मशहूर कहावत है- ह्यराजनीति में एक सप्ताह का समय बहुत लंबा होता है।ह्व इसका इस्तेमाल राजनीतिक जानकार अक्सर करते हैं। इसका मतलब है कि कम समय में राजनीतिक क्षेत्र में तेजी से कुछ ऐसे बदलाव हो जाते हैं, जिसके बारे में किसी ने कोई कल्पना भी न की हो। तेलंगाना की राजनीति कुछ इसी तरह से करवट ले रही है। यहाँ राजनीतिक पार्टियों की स्थितियों में पिछली बार के मुकाबले इस बार तेजी से बदलाव आया है।

भाजपा ने साल 2018 के विधानसभा चुनाव में करारी हार (119 सीटों पर चुनाव लड़कर महज एक सीट पर जीत) के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में अच्छी सफलता दर्ज की थी। 2019 में भाजपा ने 17 में से 4 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद भाजपा ने नवनिर्वाचित सांसद बंदी संजय कुमार को राज्य इकाई का अध्यक्ष बनाया, जो कि संघ में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। भाजपा ने 2020 और 2021 में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। 2022 में पार्टी को हार झेलना पड़ा। इस बीच, भाजपा को साल 2020 के खळटउ चुनाव में 4 के मुकाबले 49 सीटों पर जीत मिली, तो 2023 में एमएलसी चुनाव (शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) में भी जीत हासिल की।

तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने पूरे राज्य में पदयात्रा शुरू की, जिसका उल्लेख खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और बाकी राज्य इकाइयों से भी इसी इस तरह की पहल के लिए कहा। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के कारण एमआईएम-बीआरएस सरकार को ह्यतेलंगाना मुक्ति दिवसह्व मनाने के लिए भी मजबूर होना पड़ा।

गौरतलब है कि तेलंगाना में भाजपा का उदय कॉन्ग्रेस पार्टी के पतन के साथ हुआ। साल 2018 में कॉन्ग्रेस पार्टी के 18 विधायकों ने जीत दर्ज की थी, जिसमें से 12 अगले साल 2019 में इफर में शामिल हो गए। हालाँकि, कॉन्ग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2019 में तीन सीटें जीती थी, लेकिन उसके बाद से कॉन्ग्रेस को लगातार हार ही मिली है। मुनुगोडे सीट पर उपचुनाव में कॉन्ग्रेस की जमानत जब्त हो गई, जबकि वो सीट पहले कॉन्ग्रेस की ही थी।

भाजपा ने तेलंगाना में कमल खिलाने का जिम्मा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को सौंपी गई है। यूपी में भाजपा को जिताने का ट्रैक रिकार्ड को देखते हुए बंसल को तेलंगाना का प्रभार सौंपा गया है, जिसके बाद उन्होंने बूथ स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। बूथ कमेटियों का गठन करने के साथ ही भाजपा हाईकमान ने प्रदेश नेतृत्व को आपसी मनमुटाव दूर करने के निर्देश भी दिए हैं। पार्टी के दिग्गजों को निर्देश दिया दिया गया है कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर-घर जाएं और लोगों को बताएं।

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा जिस आक्रामक रणनीति के साथ तैयारियों में जुटी है, कई सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल ये भी है कि पांच साल पहले यानी 2018 के विधानसभा चुनाव में जिस राज्य में पार्टी को सात फीसदी से भी कम वोट और एक सीट पर जीत मिली हो, उस राज्य में भाजपा को ऐसा क्या नजर आ गया कि पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है?

दरअसल, भाजपा को तेलंगाना में नजर आ रही उम्मीदों की वजह लोकसभा, स्थानीय और निकाय चुनाव के नतीजे ही हैं। इस बात से नकार नहीं किया जा सकता कि स्थानीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के नतीजों की तुलना नहीं की जा सकती लेकिन ये परिणाम सियासी ग्राफ का आकलन करने के लिए मुफीद भी हैं।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान तेलंगाना में भाजपा के वोट शेयर में जबरदस्त उछाल नजर आया। 2018 के विधानसभा चुनाव में सात फीसदी से भी कम वोट पाने वाली पार्टी का वोट शेयर लोकसभा चुनाव में बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया। भाजपा ने 21 विधानसभा क्षेत्रों में शानदार बढ़त बनाई। कुल 119 विधानसभा सीटों में से 22 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी दूसरे स्थान पर रही। छह महीने पहले यानी दिसंबर 2018 में हुए विधानसभा चुनावों से इसकी तुलना करें तो पार्टी के वोट शेयर में एक साल के भीतर 13 फीसदी का जबरदस्त उछाल आया।

इतना ही नहीं, भाजपा को ळफर (जिसे अब इफर के नाम से जाना जाता है) की तुलना में ज्यादा फायदा हुआ। 2018 के विधानसभा चुनाव में टीआरएस ने 46.87 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 88 सीटें जीती थीं और लोकसभा चुनाव के दौरान वोट शेयर घटकर 41.71 फीसदी रह गया। भाजपा छोटे-छोटे दलों और निर्दलीयों के पाले में जाने वाले वोट शेयर में सेंध लगाने में सफल रही थी। अन्य के वोट शेयर में भी लगभग नौ प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वहीं कांग्रेस इन चुनावों में दूसरे स्थान पर रही और उसने 29.27 फीसदी वोट हासिल किया। वोट हासिल करने में भाजपा तीसरे स्थान पर रही। पार्टी को 19.45 फीसदी वोट मिले हैं। राज्य में भाजपा को एक नया जीवनदान दिया है। प्रदेश के नेता इतने उत्साहित हैं कि उन्होंने सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के विकल्प में खुद को देखना शुरू कर दिया है।

तेलंगाना में टीआरसी की सबसे चौंकाने वाली हार केसीआर की बेटी के। कविता की थी, जो भाजपा के लिए उम्मीद जगाने का काम किया। कविता निजामाबाद संसदीय सीट से चुनावी मैदान में थीं, जिन्हें भाजपा के धर्मपुरी अरविंद ने मात दी थी। एसटी समुदाय के लिए आरक्षित आदिलाबाद सीट पर भाजपा के सोयम बापू राव जीते हैं। करीमनगर से संघ के बड़े नेता समझे जाने वाले बांदी संजय कुमार ने जीत दर्ज की थी। इन चार सीटों से भाजपा के लिए उम्मीद जगाने का काम किया है।

2020 के ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपल चुनाव का नतीजों ने सियासी समीकरण ही बदल दिए। भाजपा ने कुल 150 वार्डों में से 48 वार्डों पर 34.56 प्रतिशत वोट शेयर के साथ जीत हासिल की। भाजपा ने टीआरएस और अन्य के वोट बैंक में सेंध लगाई। 2016 के नगर निकाय चुनावों की तुलना में भाजपा के वोट प्रतिशत में 24 फीसदी का उछाल देखा गया। 2016 में भाजपा मुश्किल से 10 फीसदी वोट शेयर के साथ सिर्फ 4 वार्ड जीत सकी थी।

ग्रेटर हैदराबाद में 15 विधानसभा क्षेत्र हैं और 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को एकमात्र जीत इसी क्षेत्र से मिली थी। ऐसे में भाजपा को इस राज्य से बड़ी उम्मीदें हैं और और इसी को ध्यान में रखते हुए।

## व्यापारियों को शानू ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यालय में मनाई। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने व्यापारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मलयागिरी चंदन का पौधा लगाया। शानू गुप्ता ने कहा कि बापू ने स्वच्छ सुंदर व विकसित भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने को सब को प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में स्वच्छ भारत मिशन जारी है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, मंडल सचिव विनोद आर्य, जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष रविराज अग्रहरी, मंडल मंत्री बृजेश सिंह पटेल, महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला गुप्ता, जिला मंत्री विष्णु केसरवानी, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, नारायण दास गुप्ता, पलटू केसरवानी, सीताराम श्रीवास्तव, संध्या गुप्ता, स्वतंत्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता, दशरथ केसरवानी, जनार्दन चतुर्वेदी, करामत अली, मोहम्मद राज, अमित, वीरेंद्र अग्रहरि, पप्पू साहू, तन्नू अग्रहरि, शीला रैकवार, मीना श्रीवास्तव, लक्ष्मी कुशवाहा, अतुल रैकवार, शिवम गुप्ता, वीरेंद्र सैनी आदि सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।

# मोदी के लाये विधेयक पर पलीता लगा रहा मानिकपुर तहसील प्रशासन

## दाखिल-खारिज न होने से नहीं मिल रही सम्मान निधि-पेट काटकर एक-एक पैसा जोडकर ली थी जमीन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार कर्वी की श्रीमती निधि पाण्डेय व श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि पाने को सवा-सवा बीघा जमीन मानिकपुर तहसील के अमचुर नेरुआ गांव में फरवरी 2023 में चांदेराई फतेहपुर के जगजीत सिंह से बैनामा लिया था। आठ माह बीतने के बाद भी दाखिल-खारिज न होने से सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सका। महिलाओं ने तहसील प्रशासन पर आरोप लगाया कि रिश्वत न देने से दाखिल-खारिज नहीं हो रहा।

ज्ञात है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एमआर शाह व न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने कहा कि दाखिल-खारिज किसी के पक्ष में स्वामित्व नहीं है, बल्कि ये वित्तीय उद्देश्य के लिए है। स्वामित्व के लिए सक्षम न्यायालय जाना होगा। राजस्व रिकार्ड में सम्पत्ति के दाखिल-खारिज से न तो स्वामित्व बनता है, न ही खत्म होता है। ये प्रविष्टि सिर्फ भू-राजस्व हासिल करने को होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब मानिकपुर तहसील प्रशासन मान रहा है कि अमचुर नेरुआ में जगजीत सिंह की जमीन है, तो निधि पाण्डेय व प्रियंका मिश्रा के बैनामे पर दाखिल-खारिज भी होना चाहिए।

सवाल है कि जब जगजीत सिंह का दाखिल-खारिज हो गया तो इनका क्यों नहीं हो रहा। आपत्तिकर्ता प्रधान प्रिया द्विवेदी तब कहां थी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह का जब दाखिल-खारिज हुआ तो प्रिया द्विवेदी कहां थी। अब प्रिया द्विवेदी ने इनके मामले में आपत्ति क्यों की? अहम वजह है कि प्रिया द्विवेदी के पति मनोज द्विवेदी गांवसभा की जमीन पर मकान बनाये हैं। उसे दबाव में लेकर तहसील प्रशासन ने आपत्ति दर्ज कराई है। एक ओर केन्द्र की मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण देने को विधेयक ला रही है, दूसरी ओर तहसील प्रशासन महिलाओं के शोषण पर उतारु है। जबकि योगी सरकार के कडे निर्देश हैं कि हर हाल में छह माह में दाखिल-खारिज हो जाने चाहिए। महिलाओं के तहसील प्रशासन को पैसा देने से मना करने पर दाखिल-खारिज रोका गया। महिलाओं ने कहा कि पैसा होता तो वे एक बीघा जमीन क्यों लेती, ज्यादा न ले लेती। पेट काटकर एक-एक पैसा जोडकर जमीन खरीदी थी कि उन्हें भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल जायेगा। सम्मान निधि के लाभ से तहसील प्रशासन दाखिल-खारिज न कर वंचित कर रहा है। जिलाधिकारी भी इस मामले में कोई संज्ञान नहीं ले रहे। इस मामले में एसडीएम रामजन्म यादव कहते हैं कि दाखिल-खारिज तहसीलदार की जिम्मेदारी है। क्या तहसीलदार पर उनका जोर नहीं चलता?

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने वारंटी अभिलाष पुत्र कैलाश लोध निवासी औदहा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा शामिल रहे।

## राजापुर पुलिस ने तत्काल किया चोरी का खुलासा , तीन लाख के जेवर व चार फोन समेत मां-बेटी गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक महिला व बाल अपचारी बालिका को चोरी के तीन लाख के जेवर व चार मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि आज सचिन कुमार जायसवाल पुत्र कामता प्रसाद जायसवाल निवासी कस्बा राजापुर ने थाने में सूचना दी कि अज्ञात चोर उसके घर से सोने-चांदी के जेवर व मोबाइल फोन चुरा ले गये हैं। सूचना पर रिपोर्ट दर्जकर थानाध्यक्ष ने घटना के खुलासे को वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह को लगाया। दरोगा ने प्रयास कर तत्काल मुखबिर की सूचना पर राजापुर स्थित हनुमान मंदिर के पास सीसीरोड से निशा पाठक पत्नी पंकज पाठक निवासी इछना थाना सरांय अकिल जिला कौशांबी व एक बाल अपचारी को चोरी के जेवर व चार मोबाइल फोन समेत गिरफ्तार किया। चोरी के माल बरामद पर धारायें बढाई। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेंद्र त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, अजय वर्मा व महिला सिपाही नीतू नायक शामिल रही।

## सिविल जज ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** सिविल जज न्यायालय मऊ में महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सोमवार को सिविल जज मऊ सुश्री संघमित्रा ने न्यायालय कर्मचारियों व अधिवक्ता संघ मऊ समेत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। न्यायालय परिसर मऊ में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कुंवर बृजेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक राय, सूरजपाल, दरबारी लाल, महेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## स्टेडियम में हुई पैदल दौड प्रतियोगिता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय में गांधी जयंती पर बालकों की पांच किमी व बालिकाओं की तीन किमी पैदल दौड प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने दिये। गांधी जयंती पर सद्भावना बास्केटबॉल मैच हुआ। सेंट थॉमस स्टेडियम एकादश क्रिकेट क्लब एथलेटिक्स की टीम ने हिस्सा लिया। सेंट थॉमस टीम ने स्टेडियम टीम को दस अंकों से हराया। प्रतियोगिता दौरान अंगद यादव, फिरोज अंसारी, श्याम सुंदर, सेंट थॉमस गेम्स टीचर शिखर सोनकर ने प्रतियोगिता में भूमिका निभाई। विजय कुमार ने खिलाड़ियों को अहिंसा के बारे में जानकारी दी।

## महापुरुषों की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया दलित भोज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/सांसद मंसूरिया दीन पासी की जयंती मनाई। महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। सोमवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यालय में हुई गोष्ठी बाद एसडीएम कालोनी शोभा सिंह पुरवा में श्रीमती गुड़िया देवी पत्नी स्व चंद्रमोहन व अजय कुमार शुक कोरी के आवास पर कांग्रेसियों ने दलित भोज किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कृष्णराज सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी शिवगुलाम वर्मा, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, युवा कांग्रेस नेता सुनील पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष सलमान सिद्दीकी, जिला महासचिव राजनारायण निषाद, कुलदीप कुमार मिश्रा, अवधेश शर्मा, महेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम यादव आदि मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने लवकुश की अगुवाई में 11 मंडलों में किया श्रमदान

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर भाजपाइयों ने जिले के तमाम स्थलों पर स्वच्छता को श्रमदान किया। भाजपा ने 11 मंडलो के 850 बूथों पर स्वच्छता को श्रमदान किया।



सोमवार को स्वच्छता अभियान जिला मुख्यालय के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पटेल चैक, शहीद स्मारक, नवीन मंडी स्थल में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा ने श्रमदान किया। राजापुर में पूर्व विधायक आन्नद शुक्ला, चेयरमैन राजापुर संजीव मिश्रा, राजेश जयसवाल, महेन्द्र कोटार्य, मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, सीतापुर मे पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, श्रीमती रजंना उपाध्याय, अश्विनी अवस्थी, हीरो मिश्रा, राजेश्वरी द्विवेदी, रामदयाल त्रिपाठी की अगुवाई व नवीन गल्लामंडी मे भागवत त्रिपाठी, अंजू बर्मा, मनोज तिवारी, प्रेमलाल बाल्मीक, बाबूलाल पटेल, पहाडी ब्लाक मे तीरथ तिवारी, विनोद पाडे व जिले के सभी 11 मंडलो के मंडल अध्यक्षों की अगुवाई में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छता अति प्रिय थी। बापू जयंती पर स्वच्छता को श्रमदान सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसमें सबको सहयोग करना चाहिए, तभी हमारा देश स्वच्छ होगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बापू के सपनों को साकार कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को स्वच्छता अभियान के लिए आवाहन किया था, स्वच्छता पखवाड़े में एकजुट होकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए श्रमदान किया

## घर के अंदर अर्धनग्न दशा में महिला की हुई हत्या

### मृतका के पेट में चाकू गोदने के निशान-जल्द होगा खुलासा: एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के देंउधा गांव में एक विवाहिता की हत्याकर अर्धनग्न शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस टीम जांच में जुट गई है।

हत्या की ये घटना रविवार की देर शाम देउंधा गांव में हुई। बताया गया कि रिंकी गुप्ता (30) पत्नी राम बहादुर का घर के आंगन में शव मिला है। घर में कोई नहीं था, उसके पेट में चाकू के कई निशान हैं। वह आधे कपड़े पहने थी। ग्रामीणों ने बताया कि रिंकी का पति राजकोट गुजरात में सिक्योरिटी गार्डी करता है। कई महीने से घर नहीं आया। रिंकी के तीन लड़के हैं। पुलिस परिवार पर शक कर रही है। सूचना पर राजकोट गुजरात से वह यहां के लिए चल दिया है।



महिला का देवर बसंत उसके साथ रहता था। मृतका के बगल में पड़े चाकू व हसिया पुलिस ने बरामद कर लिया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शाम छह बजे रिंकी के तीनों पुत्र पड़ोसी के घर खेलने चले गए थे। हत्या के समय तीनों पुत्र घर से बाहर थे। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक पेट में चाकू से गोदने के निशान हैं। गर्दन में गमछा बंधा मिला है। महिला के एक युवक से अवैध संबंधों की चर्चा लोगों ने की। इसे लेकर देवर व ससुर से आए दिन विवाद होता था। मृतका पूरे दिन मोबाइल से बात करती थी। पति के बाहर रहने से आशंका है कि देवर व ससुर ने हत्या की होगी। पुलिस परिजनों व पड़ोसियों से पूंछताछ कर रही है। इस बाबत एसपी वृंदा शुक्ला ने कहा कि हत्या में पूंछताछ जारी है। पीएम रिपोर्ट के बाद खुलासा होगा।

## गांधी की आजादी के आन्दोलन में थी अहम भूमिका: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप जलाये।



सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी ने गांधी जयंती समारोह में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है, दोनों महानविभूतियों का योगदान था। उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था, संघर्ष कर शोषितों-वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई थी। जब महात्मा गांधी अफ्रीका से लौटे तो भारत के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। वे भारत के राष्ट्रपिता नहीं, बल्कि पूरा विश्व उनके आदर्शों को मानता है। हम लोग उनके विचारों पर चलते हैं। कई आंदोलनों में उनका नेतृत्व रहा। उनसे पहले भी आंदोलन हुए, लेकिन गांधी के रास्ते पर चलकर आजादी मिली। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी जब अपनी भूमिका में होते है, असहाय की सहायता सभी लोग करें। अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को हम सभी को अपनाना चाहिए। महात्मा गांधी कोई भी कार्य करने से पहले अपने जीवन में प्रयोग करते थे। संचालन आयुध सहायक मनोज कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम सतीश चंद्र, एएसडीएम पंकज वर्मा, एएसडीएम सौरभ यादव, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, अवध नारायण आदि मौजूद रहे।

## 25 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने विजय पटेल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी भगनपुर 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही आशीष कुमार शामिल रहे।

## रैली निकाल प्रतिभागी बच्चों को किया पुरस्कृत



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती सभी विद्यालयों में मनायी गयी। ध्वजारोहण कर मऊ ब्लाक के अहिरी स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडेय की अगुवाई में स्वच्छता जगरुकता अभियान के तहत रैली एवं प्रभातफेरी निकाली गई। सोमवार को रैली में बच्चे स्वच्छता के नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया। जनसमान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ब्लॉक स्तरीय रैली में खण्ड शिक्षा अधिकारी, एआरपी गणों ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। रैली में प्राथमिक विद्यालय अहिरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी, पीवी छिवली, पीवी बालापुर समेत विकासखंड मऊ के अन्य विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। विकासखण्ड मऊ के एआरपी छविलाल प्रजापति, महेश वर्मा, पीवी अहिरी से शारदेंदु शुक्ला, लवलेश पांडेय, शांति देवी, पीएमवी अहिरी के क्षत्रपाल सिंह, शीतल प्रसाद सिंह, जितेंद्र सिंह, इंदु गौतम आदि ने हिस्सा लिया। रैली बाद चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन पर रोशनी डाली गई। नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडेय ने आभार जताते हुए प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया।

## आजादी दिलाने को गांधी ने किया था आन्दोलन




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर हुई गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने को गांधी ने नमक आंदोलन किया था।

सोमवार को आप जिलाध्यक्ष ने गोष्ठी में कहा कि महात्मा गांधी ने 12 मार्च 1930 को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से पैदल यात्रा शुरू की थी। इस मौके पर जिला महासचिव जितेन्द्र गोयल, श्याम बाबू त्रिपाठी, शिवशंकर, नर्वदा प्रसाद यादव, योगेन्द्र रैकवार, राजबहादुर साहू, लवलेश केसरवानी, डॉ रमाकांत गुप्ता, लवदीप सिंह, पंकज यादव, शिवा पाण्डेय, बालकरन आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** ब्लूबर्ड वेलफेयर संस्था ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के स्वास्थ्य शिविर मेला चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ रेनु बोनल की अध्यक्षता में मऊ नगर पंचायत के निवासियों का मुफ्त इलाज हुआ।

रविवार को चर्म रोग से जुड़े सभी पक्षों के बारे में डॉ बोनल ने विस्तार से जानकारी दी। शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शारदा अग्रहरी, समाजसेवी जितेंद्र त्रिपाठी, जयभारत द्विवेदी, नितिन सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर किया। ब्लू बर्ड वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक डॉ शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के अधीक्षक डॉ हारून व मनीष तिवारी के प्रति आभार जताया। भविष्य में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को कराने का भरोसा दिया।

## ‘लॉस एंजेलिस में खोलें भारतीय वाणिज्य दूतावास’, एल की मेयर बैस का भारत से अनुरोध

**लॉस एंजेलिस।** लॉस एंजेलिस की मेयर कैरेन रूथ बैस और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने भारत से अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े शहर और दुनिया की मनोरंजन राजधानी में एक वाणिज्य दूतावास खोलने का आग्रह किया है।

पहले से ही पांच दूतावास

बता दें, अमेरिका के न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, ह्यूस्टन और अटलांटा में पांच भारतीय वाणिज्य दूतावास हैं।

पीएम मोदी ने किया था एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका गए थे, तब उन्होंने यह घोषणा की थी कि भारत अमेरिका में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। इनमें से एक सिएटल में खुलेगा, तो दूसरे की जगह अभी निश्चित नहीं है। ऐसे में, भारतीय-अमेरिकी संगठनों के एक समूह और लॉस एंजेलिस की मेयर ने आग्रह किया कि उनके शहर में दूसरा भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाना चाहिए। बैस ने हाल ही में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को लिखे एक पत्र में कहा, ‘मैं आपसे एक नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के लिए लॉस एंजेलिस शहर पर विचार करने के लिए आग्रह करती हूं। आदान-प्रदान के लिए इस महत्वपूर्ण मंच को खोलने और निरंतर समर्थन प्रदान करने के लिए आपके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।’ बैस ने आगे कहा, ‘भारत और लॉस एंजेलिस के बीच पर्यटन लाभ का एक और स्रोत है। लॉस एंजेलिस ने भारत में एक समर्पित पर्यटन कार्यालय के साथ निवेश किया है, जो 2019 में खुला और पूरे कोरोना महामारी के दौरान खुला रहा।’

## ‘रेडमंड राजा’ हिंदुत्व के रंग में रंगा अमेरिका स्थित ‘माइक्रोसॉफ्ट का घर’, 20 हजार लोगों ने मनाया गणेश उत्सव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सिएटल में रेडमंड इलाके में स्थित दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी ‘माइक्रोसॉफ्ट का घर’ रेडमंड उस वक्त हिंदुत्व के रंग में रंगा दिखाई दिया, जब वहां गणेश उत्सव मनाया गया। 15 फुट लंबी भगवान गणेश की प्रतिमा को भक्तों ने ‘रेडमंड राजा’ का नाम दिया है। बता दें कि रेडमंड में ही माइक्रोसॉफ्ट का मुख्यालय है। इस कार्यक्रम में भारतीय अमेरिकी समुदाय के करीब 20 हजार लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा को रेडमंड के डाउनटाउन पार्क में एक मंच पर स्थापित किया गया था और वहां शानदार सजावट की गई थी। इस दौरान भारतीय अमेरिकी समुदाय ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर माहौल को पूरी तरह से भारतीय कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भारतीय मूल के कलाकारों के ग्रुप बीट्स ऑफ रेडमंड के करीब 150 लोगों की टीम ने ढोल ताशा बजाकर वहां मौजूद लोगों को अभिभूत कर दिया। बीट्स ऑफ रेडमंड की स्थापना दीपाली साने और आनंद यशवंत साने ने की थी। बता दें कि सिएटल के रेडमंड में गणेश उत्सव का आयोजन साल 2019 से लगातार किया जा रहा है। मुंबई में लाबाग के राजा की तर्ज पर रेडमंड के राजा का उत्सव मनाया जाता है। रेडमंड के राजा की प्रतिमा मुंबई से बनाकर अमेरिका भेजी गई थी। प्रसाद के लिए 12 हजार लड्डू और 1000 फल वितरित किए गए।

## भारत-कनाडा विवाद के बीच जस्टिन ट्रूडो पर भड़के एलन मस्क, बोले- वे अभिव्यक्ति की आजादी को दबा रहे

**ओटावा।** स्पेसएक्स के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपतियों में से एक एलन मस्क ने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की आलोचना की है। मस्क ने ट्रूडो पर लोगों के बोलने की आजादी को दबाने का आरोप लगाया है। दरअसल कनाडा सरकार के एक फैसले के बाद मस्क ने ट्रूडो सरकार की आलोचना की है। बता दें कि कनाडा की एक आदेश के तहत सभी ऑनलाइन स्टीमिंग सेवाओं को आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराने का आदेश दिया है ताकि सरकार उस पर रेगुलेटरी कंट्रोल कर सके। कनाडा सरकार के इस आदेश की आलोचना हो रही है। पत्रकार और लेखक ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि कनाडा सरकार दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर आई है। जिसके तहत सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं, जिनमें पॉडकास्ट होता है, उन्हें आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराना होगा, जिससे सरकार ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं पर रेगुलेटरी नियंत्रण कर सके।ग्लेन ग्रीनवाल्ड के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि ‘ट्रूडो, कनाडा में बोलने की आजादी को खत्म करना चाहते हैं, यह शर्मनाक है।’ बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि कनाडा की ट्रूडो सरकार पर बोलने की आजादी के हनन का आरोप लगा हो। इससे पहले फरवरी 2022 में भी ट्रूडो सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था और यह कनाडा के इतिहास में पहली घटना थी।

# पशुपतिनाथ मंदिर में स्वर्ण जलहरी चढ़ाने में भ्रष्टाचार, तीन के खिलाफ मुकदमा

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह में सोने की जलहरी चढ़ाने में हुए भ्रष्टाचार पर तीन लोगों के खिलाफ विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। आरोपितों में पशुपति क्षेत्र विकास कोष के कार्यकारी प्रमुख डॉ. मिलन थापा, तत्कालीन कार्यकारी प्रमुख डॉ. प्रदीप ढकाल शामिल हैं। जांच करने वाले अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग ने करीब डेढ़ किलोग्राम के सोने का भ्रष्टाचार होने की पुष्टि करते हुए इन लोगों को आरोपी बनाया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के निर्देशन पर कोष के तत्कालीन सदस्य सचिव डॉ. प्रदीप ढकाल और तत्कालीन कोषाध्यक्ष डॉ. मिलन थापा की समिति ने गर्भगृह में 100 करोड़ रुपये की लागत से करीब 103 किलोग्राम सोने में चांदी, तांबा और जिंक मिलाकर 107.924 किलो की जलहरी चढ़ाने का




निर्णय लिया था। इसके लिए ओली सरकार ने 30 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।पशुपति क्षेत्र विकास कोष ने भी 50.11 करोड़ रुपये इस काम के लिए आवंटित किए थे। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि 103 किलोग्राम सोने की जलहरी बनाने का निर्णय होने के बावजूद उद्घाटन के दिन तक सिर्फ 96.822 किलो सोना रखे जाने का अभिलेख मिला है। हालांकि कोष ने उसी समय 11 किलो का सोने का रिंग बनाकर गर्भगृह में रखे जाने की जानकारी दी थी। आयोग ने बाद में पूरी जलहरी निकाल कर पुनः उसका तौल लिया तो 107.468 किलोग्राम सोना निकला। इस समय भी करीब आधा किलो सोना कम मिला। आयोग का दावा है कि इसमें भी करीब डेढ़ किलो दूसरी धातु मिलाकर तौल पूरा किया गया है। आयोग ने विशेष अदालत से इन तीनों से 2 करोड़ 34 लाख रुपये वसूलने और इनको सजा देने की मांग अदालत से की गई है।

# चीन के मकाउ में किराना दुकान में बिकते हैं नेपाली पासपोर्ट

**काठमांडू।** चीन के स्वशासित क्षेत्र मकाउ में एक किराना दुकान पर आसानी से नेपाली पासपोर्ट बनाने और उसका का नवीकरण होने का खुलासा हुआ है। मकाउ में नेपाल के करीब 35 हजार नागरिक रहते हैं। करीब एक हजार नागरिक हर महीने वहां घूमने जाते हैं।

मकाउ में नेपाल का दूतावास या कंसुलर या अस्थाई कैम्प ऑफिस नहीं है। मकाउ क्षेत्र हांगकांग स्थित नेपाली दूतावास केअन्तर्गत आता है। यहां रहने वाले नेपाली नागरिकों को यदि अपना पासपोर्ट नवीकरण कराना हो या किसी का पासपोर्ट खो गया या किसी अन्य कारण से दूसरा पासपोर्ट बनाना हो तो वह सीधे मकाउ स्थित हिमालय ट्रेडर्स ग्रॉसरी स्टोर (किराना दुकान) से संपर्क करते हैं। उनका काम चुटकियों में हो जाता है।

पिछले हफ्ते इस स्टोर के आगे लंबी लाइन लगने पर जब मकाउ पुलिस पहुंची तब इस गोरखधंधे का खुलासा हुआ। इस स्टोर पर लगे कैमरे से फोटो खींचे जा रहे थे। दुकान पर बायोमीट्रिक मशीन भी लगी हुई है। यह दुकान गैर आवासीय नेपाली संस्था




एनआरएन के मकाउ चैप्टर के अध्यक्ष भीमसेन श्रेष्ठ की है।

इस बारे में भीमसेन श्रेष्ठ का कहना है कि मकाउ में रहने वाले नेपाली नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने के लिए हांगकांग न जाना पड़े, इसलिए महावाणिज्य दूतावास के अनुरोध के बाद उन्होंने यह सेवा शुरू की है। इसकी पुष्टि के लिए हांगकांग स्थित नेपाली महावाणिज्य दूत उदय राना मगर से फोन पर संपर्क किया गया। महावाणिज्य दूत मगर ने माना कि हमने मकाउ स्थित एनआरएन के दफ्तर को यह जिम्मेदारी दी है। भीमसेन श्रेष्ठ का तर्क है कि एनआरएन का दफ्तर कम स्पेस में है। इस कारण दफ्तर के नीचे रहे ग्रॉसरी स्टोर से सारा काम किया जाता है। सारी प्रक्रिया पूरी होने पर पासपोर्ट का वितरण किया जाता है। दावे कुछ भी हों पर इस प्रक्रिया में धांधली तो होती ही है। मसलन पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए नेपाली नागरिकता प्रमाणपत्र की मूल प्रति और वर्क परमिट की मूल प्रति दिखानी अनिवार्य है। मगर इस दुकान पर फोटो कॉपी देखकर ही पासपोर्ट दे दिया जाता है। एनआरएन के अध्यक्ष राना मगर का कहना है कि सरकार को पासपोर्ट वितरण के लिए अलग से रकम देनी चाहिए। कुछ और स्टाफ रखना चाहिए। फिलहाल दुकान के कर्मचारियों से ही वह पासपोर्ट का काम लेते हैं। संबंधित मंत्रालय की प्रवक्ता सेवा लम्साल का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वह हांगकांग स्थित महावाणिज्य दूतावास से जानकारी प्राप्त कर ही प्रतिक्रिया देंगी। इस संबंध में रिटायर्ट आईजीपी प्रकाश अर्याल का कहना है कि यह संवेदनशील मसला है। हाल ही में सोने की तस्करी मामले में पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास से नेपाली पासपोर्ट मिलना और सोने की तस्करी का नया अड्डा हांगकांग बनना तो कुछ और ही इशारे कर रहा है।

## स्पेन के नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 13 लोगों की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के दक्षिणपूर्वी शहर मर्सिया में एक नाइटक्लब में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



जानकारी के अनुसार आग थिएटर नाइट क्लब में सुबह करीब छह बजे लगी और तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई। अभी आग लगने के कारणों के बारे में पता नहीं चला है। मर्सिया की अग्निशमन सेवा ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें दमकल कर्मी नाइट क्लब के अंदर आग की लपटों पर काबू पाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। पुलिस और आपातकालीन सेवाएं शवों की तलाश और उनकी पहचान करने में लगी हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतक संख्या बढ़ सकती है। शहर परिषद ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है।

# बाइडन ने कहा–अमेरिका पूरी तरह यूक्रेन के साथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिका किसी भी कीमत पर यूक्रेन का समर्थन करने से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी शटडाउन के संकट से उबरने के लिए अमेरिकी संसद में अल्पकालिक फंडिंग बिल पारित होने के कुछ देर बाद व्हाइट हाउस में रविवार को की। इस सारे घटनाक्रम पर मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में विस्तृत चर्चा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बाइडन ने कहा कि वह यूक्रेनियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वह हमारे समर्थन पर भरोसा कर सकते हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। बाइडन ने रिपब्लिकन से भी यूक्रेन के समर्थन के बारे में



अपनी बात रखने का आह्वान किया है। बाइडन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने संसद के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से उम्मीद जताई है कि वह यूक्रेन के लिए समर्थन रखने की प्रतिबद्धता को बनाए रखेंगे। यूक्रेन इस समय आक्रमकता और क्रूरता के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है।

# दक्षिण मेक्सिको में ट्रक हादसा, 10 महिलाओं की मौत

**मेक्सिको सिटी।** दक्षिण मेक्सिको में रविवार तड़के हुए ट्रक हादसे में एक नाबालिग लड़की समेत 10 महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी मेक्सिको के नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट (आईएनएम) के हवाले से दी है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रक दक्षिणी राज्य चियापास में पिजीजियापन-टोनला राजमार्ग पर 27 क्यूबाई प्रवासियों को ले जा रहा था। यह हादसा इसी राजमार्ग पर हुआ। शुरुआती जांच से ऐसा लग रहा है कि ड्राइवर तेज गति से ट्रक चला रहा था। उसके नियंत्रण खो देने



से ट्रक पलट गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ड्राइवर भाग गया।

# ‘वैश्विक सत्ता में जगह पाने के लिए राजनीति में हिस्सा लें’, हिंदुओं से बोले विज्ञानानंद

**काठमांडू।** बैंकॉक में समुदाय की एक वैश्विक बैठक होनी है। इससे पहले एक हिंदू धार्मिक नेता स्वामी विज्ञानानंद ने हिंदुओं को वैश्विक सत्ता में जगह

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

प्रयास नहीं किए गए हैं।

**वैश्विक जनसंख्या का छठा हिस्सा**




भारतीय धार्मिक नेता ने कहा, ‘हिंदुओं की आबादी वैश्विक जनसंख्या का छठा हिस्सा है। हम कई देशों में सबसे अमीर लोग हैं और हम शिक्षा और अकादमिक क्षेत्र में भी बहुत सफल हैं। लेकिन वास्तविक सत्ता में हमारी भूमिका नहीं हैं।’

**असली सत्ता के खेल में 27 मायने**

उन्होंने कहा कि हिंदुओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता है। वह किसी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उदाहरण से समझा जा सकता है। कनाडा में हिंदुओं की संख्या खालिस्तानियों से कहीं ज्यादा है। फिर भी संसद में केवल चार हिंदू सदस्य हैं, जबकि वे 27 हैं। उन्होंने कहा कि असली सत्ता के खेल में 27 मायने रखते हैं, चार नहीं। यही वैश्विक हिंदू समुदाय को समझाने की कोशिश की जा रही है।

बैंकॉक में 24 से 26 नवंबर तक होने वाले अगले सत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में विश्व हिंदू कांग्रेस का यही फोकस और प्रयास है।

**विश्व हिंदू कांग्रेस में पहुंचेंगे कई देशों के लोग**

गौरतलब है, स्वामी विज्ञानानंद एक दशक से अधिक समय से विश्व हिंदू कांग्रेस के माध्यम से दुनियाभर के हिंदुओं को एक मंच पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।

थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में विश्व हिंदू कांग्रेस के तीसरे संस्करण में 60 से अधिक देशों के हजारों हिंदू शामिल होंगे। आखिरी विश्व हिंदू कांग्रेस 2018 में शिकागो में आयोजित की गई थी।

# बॉस ने मासिक धर्म पर की टिप्पणी, अब पीड़ित महिला को देने होंगे 37 लाख रुपये

**काठमांडू।** एक बॉस को महिला के मासिक धर्म पर टिप्पणी करना महंगा पड़ गया है। दरअसल महिला ने अपने बॉस के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया था, सुनवाई के बाद अदालत ने बॉस को दोषी माना है और उसे क्षतिपूर्ति के रूप में महिला को 37 हजार पाउंड (करीब 37 लाख रुपये) का भुगतान करने का आदेश दिया है। घटना स्कॉटलैंड की है।

**क्या है पूरा मामला**

केरेन फ्रैकर्सन नामक एक महिला साल 1995 से स्कॉटलैंड के एर्डेनशायर के पीटरहेड इलाके में स्थित थिसल मरीन नामक इंजीनयरिंग फर्म में काम करती थी। महिला का आरोप है कि उसके बॉस ने उस पर अपने मासिक धर्म को लेकर बहाना बनाने की टिप्पणी की और उसे नौकरी छोड़ने को कह दिया। महिला ने बताया के दिसंबर 2022 में उसने दो दिनों तक घर से काम किया। इसकी वजह भारी



बर्फबारी और उसका मासिक धर्म था। जब वह दो दिन बाद ऑफिस गई तो उसके बॉस और कंपनी के एमडी जिम क्लार्क ने उसके मासिक धर्म को लेकर टिप्पणी और उसकी मेडिकल समस्या को मानने से इनकार कर दिया। जिम क्लार्क ने कहा कि हर किसी को इससे दर्द और दिक्कत होती है।

**महिला ने कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप**

इससे नाराज होकर महिला ने अपने बॉस पर मुकदमा कर दिया। महिला का आरोप है कि कंपनी ने उसका उत्पीड़न किया और उसने अपने बॉस को समय के साथ ना बदलने वाला डायनासोर बताया। 40 वर्षीय महिला ने कहा कि 27 सालों तक कंपनी ने उससे कूड़े की तरह व्यवहार किया। दो बच्चों की मां पीड़ित महिला ने ये भी कहा कि उसकी कंपनी के बॉस अक्सर बीमार पड़ने वाले कर्मचारियों पर भी अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। मामले की सुनवाई पूरी कर अदालत ने कहा कि जिम क्लार्क ने जिंदगी में काफी कुछ हासिल किया है और उनमें कई ऐसे गुण हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है लेकिन उनमें अपने कर्मचारियों के लिए संवेदनाएं नहीं हैं। इसके बाद अदालत ने कंपनी को पीड़ित महिला को 37 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि क्लार्क ने महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।